# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष -03 अंक - 185 बैकुण्ठपुर, गुरूवार 27 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 मूल्य -1

E paper www.cgfrontline.com


## खाद्य मंत्री ने धरमपुर में व्यपवर्तन योजना और जल जीवन मिशन का किया शुभारंभ

### व्यपवर्तन योजना से 145 हेक्टेयर रकबे पर फसलों की सिंचाई में होगी वृद्धि

■ जल जीवन मिशन से 300 से ज्यादा घरों को मिलेगा नल कनेक्शन



**छ.ग. फ्रटंलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री ने बुधवार को सीतापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत धरमपुर में सिंचाई विभाग के व्यपवर्तन योजना और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जल जीवन मिशन के कार्यों का शिलान्यास किया। धरमपुर व्ययवर्तन योजना की लागत 270.10 लाख रुपये है। इस योजना से लगभग 145 हेक्टेयर रकबे पर फसलों की सिंचाई में वृद्धि होगी। इसमें 120 हेक्टेयर खरीफ एवं 25 हेक्टेयर रबी फसलों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध होगा। इसी कड़ी में जल जीवन मिशन के कार्यों का भी शुभारंभ किया गया। इस योजना से ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले खासपारा, कानापारा, कोरवापारा, खालपारा मुड़ापारा, होकड़ोपारा तथा पटेलपारा क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे। उल्लेखनीय है कि इस योजना में 219.37 लाख रुपये की लागत से 3 उच्च स्तरीय जलागार, 4 स्टील स्ट्रेक्कर जलागार का निर्माण होगा। जिसमें 16 हजार मीटर से अधिक पाइप लाइन के जरिए 331 घरेलू नल कनेक्शन दिए जाएंगे। यह जल जीवन मिशन के अंतर्गत एकल ग्राम आधारित नल जल योजना है।

इस अवसर पर मंत्री श्री भगत ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन शुरुआत से लगातार प्रदेश की उन्नति और विकास के लिए कमा कर रही है। इसी कड़ी में आज यहां व्यपवर्तन योजना और जल जीवन मिशन का शुभारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन हर वर्ग की बेहतरी हेतु प्रतिबद्ध है और जनकल्याण को ध्यान में रख योजनाएं संचालित की जा रही है। इनका लाभ अवश्य उठाएं। उन्होंने हर पंचायतों में शासकीय योजनाओं की जानकारी दीवार लेखन के माध्यम प्रचारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि जिले में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, सुपोषण अभियान, गोधन न्याय योजना, रीपा जैसी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिससे शासन की लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, रोजगार, शिक्षा हेतु बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध कराने की मंशा पूर्ण हो सके। उन्होंने श्रम विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने ग्रामीणों से अपील की। इस अवसर पर उर्दू अकादमी के सदस्य बदरुद्दीन इराकी, सीईओ जिला पंचायत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अभियोजन अधिकारियों ने विवेचकों को दिए कई महत्वपूर्ण सुझाव



**छ.ग. फ्र टंलाइन अंबिकापुर।** आईजी राम गोपाल गर्ग व संयुक्त संचालक लोक अभियोजन सरगुजा संभाग मुकला शर्मा की उपस्थिति में 26 अप्रैल को आईजी कार्यालय के मीटिंग कक्ष में रेंज स्तरीय जिला अभियोजन अधिकारी, लोक अभियोजन अधिकारियों के दोष मुक्ति प्रकरणों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में न्यायालय द्वारा अधिकांश प्रकरणों में आरोपियों के दोष मुक्ति होने के कारणों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। आयोजित बैठक में आईजी द्वारा कहा गया कि किसी भी मामलों में प्रकरणों के विवेचकों द्वारा विवेचना में किए जाने वाले त्रुटियों को दूर करने हेतु एवं भौतिक साक्ष्यों को सावधानी से एकत्र करने हेतु अभियोजन अधिकारियों ने सुझाव दिए। होस्टाईल हो रहे प्रार्थी एवं गवाहों को उनके द्वारा दिये गए अभिमत कथन पर कायम रहने हेतु विवेचकों को प्रकरण के प्रार्थियों के साथ लगातार सम्पर्क में रहने हेतु निर्देशित किये। जिससे की प्रकरण के प्रार्थी एवं गवाह अपने कथन को न्यायालय में निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से दे सके जिसके फलस्वरूप आरोपी न्यायालय से विचारणों उपरांत दोष सिद्ध हो सके एवं अपराधी द्वारा उसके किए गए अपराध की समुचित सजा मिल सके। आईजी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जिन प्रकरणों में एफआईआर करवाने वाले प्रार्थी, जिनका न्यालयाय में 164 सीआरपीसी के अंतर्गत कथन लिया गया है, वो अगर न्यालयाल में ट्रायल के दौरान होस्टाईल होते हैं तो उनके विरुद्ध धारा 182/211 आईपीसी के अंतर्गत कार्यवाही किए जानी की संभावना देखी जाए। बैठक की अगली कड़ी में जिला जशपुर और बलरामपुर की समीक्षा किया जाना प्रस्तावित है। समीक्षा बैठक के दौरान रेंज के जिला सरगुजा व सूरजपुर से आये जिला अभियोजन अधिकारी एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सरगुजा मानक राम कश्यप, एसएस पैकरा, रीडर सुभाष ठाकुर मौजूद रहे.

## 95 पाव गोवा व्हिस्की के साथ ढाबा संचालक गिरफ्तार

### आबकारी विभाग के संभागीय उडऩ्दस्ता टीम की कार्रवाई

**छ.ग. फ्र टंलाइन अंबिकापुर।** आबकारी विभाग के संभागीय उडऩ्दस्ता टीम ने 95 पाव एमपी के अवैध गोवा व्हिस्की के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोप के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार संभागीय उडऩ्दस्ता सरगुजा संभाग एवं जिला सरगुजा की आबकारी टीम 26 अप्रैल को संयुक्त गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान ग्राम मंगारी थाना सीतापुर पहुंचने पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि काके द ढाबा के बगल में एक आशीष पैकरा का ढाबा और किराना दुकान है जो बाहर का अंग्रेजी शराब बेच रहा है। मुखबिर की सूचना पर मंगारी स्थित आशीष पैकरा के ढ़ाबा और दुकान में छापामार की कार्रवाई की गई। ढाबा एवं दुकान की तलाशी लेने पर एक बोरे में मध्य प्रदेश की लेबल लगी 95 पाव गोवा व्हिस्की(17.1 लीटर) पाया गया। जिसे जब्त कर आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क 34 (2 )36 एवं 59 (क) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। इस दौरान आबकारी उपनिरीक्षक टीआर केहरी एवं सौरव साहू भी शामिल रहे।

## जिला पंचायत सदस्य के साथ हुई घटना के विरोध में बंद का आह्वान

**छ.ग. फ्र टंलाइन अंबिकापुर।** संत समाज से जुड़े संत स्व. गहिरा गुरु के पुत्र जिला पंचायत सदस्य एवं आदिवासी नेता गेंद बहादुर सिंह के साथ जशपुर बगीचा में पुलिस द्वारा किए गए बदसलूकी का मामला तुल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को भाजपा जिला सरगुजा ने भाजपा कार्यालय में पत्र वार्ता आयोजित कर घटना की घोर निंदा करते हुए गुरुवार को सुबह 9 से 12 बजे तक सरगुजा बंद का आह्वान करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद कमलभान सिंह ने कहा कि हमारे सनातन धर्म के अनुवाई के साथ ऐसी घटना काफी दुखद है। इससे पूर्व छत्तीसगढ़ को ठेस पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार में ऐसी घटनाए लगातार हो रही है। कांग्रेस सरकार में कानून व्यवस्था चौपट है। उन्होंने इस घटना को निंदा करे हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा ने घटना को चिक्रि करते हुए बताया कि बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गापुर में भी एक महिला द्वारा चंगाई सभा कराया जा रहा था। वहां पूर्व से विवाद की स्थिति निर्मित थी। उसी रास्ते से जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी सिंह गुजर रहे थे। जनप्रतिनिधि होने के नाते वहां रूके और मामले को जानने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस द्वारा उनके साथ बदसलूकी की गई और जबरन पुलिस वाहन में बैठाकर थाने ले गए। गेंदबिहारी सिंह संत गहिरा गुरु के पुत्र हैं और संसदीय सचिव चिंतामणि के भाई हैं। इनके साथ इस तरह का दुर्व्यवहार काफी निंदनी है। उन्होंने कहा कि जशपुर जैसे जगहों पर सबसे ज्यादा धर्मांनातरण के मामले आ रहे हैं। पुलिस सरकार के दबाव में काम कर रही है। घटना के बाद अब तक एफआईआर तक नहीं दर्ज किए गए हैं। प्रदेश के कांग्रेस सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, अखिलेश सोनी, फुलेश्वरी पैकरा, अभिमन्यू गुप्ता, मधुसुदन शुक्ला, रूपेश दुबे सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### दोपहर तक सरगुजा बंद का आह्वान

पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा ने घटना का विरोध करते हुए कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने घटना के विरोध में गुरुवार की सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक सरगुजा बंद का आह्वान किया है। उन्होंने प्रदेश के कांग्रेस सरकार पर धर्मांनातरण का बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया है।

## बॉडी गैरेज से टायर चोरी करने वाले खरीदार सहित चार गिरफ्तार

### चोरों ने इनोवा वाहन से आकर की थी चोरी

**छ.ग. फ्र टंलाइन अंबिकापुर।** बॉडी गैरेज में खड़े पिकअप वाहन का टायर चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन चोर व एक खरीददार को गिरफ्तार किया है। चोर इनोवा वाहन से आकर चोरी की घटना को अंजाम दिए थे। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त इनोवा व चोरी की टायर भी जब्त किया है। पुलिस ने चारों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सानपुरकला में विश्वकर्मा बॉडी गैरेज है। गैरेज में एक शोल्ड पिकअप को बॉडी बनाने के लिए लाया गया था। 20 अप्रैल की रात करीब 2 से 4 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने पिकअप से टायर चोरीकर ले गए। गैरेज संचालक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। विवेचना में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस को पता चला की घटना दिवस इनोवा वाहन से आकर तीन युवकों ने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने इस मामले में राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कर्रा निवासी विक्की कुशवाहा, रोहीत रजक व मुकेश दास को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो ये तीनों घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। चोरों ने टायर चोरी कर राजपुर थाना क्षेत्र के महुआपारा में बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने खरीदार सोयब अख्तर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त इनोवा व चोरी की टायर जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



## थाने में लंबित मामलों में लापरवाही पाए जाने पर आईजी ने प्रभारी को लगाया फटकार



**छ.ग. फ्र टंलाइन अंबिकापुर।** आईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा थाना गांधीनगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी गांधीनगर द्वारा आईजी को थाने में तैनात बल एवं उपस्थित संसाधन की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने थाने में पदस्थ अधिकारियों कर्मचारियों का टर्नआउट चेक करने पश्चात थाना एवं आवसीय परिसर का निरीक्षण किया गया। परिसर में खड़े जब्तशुदा वाहनों के सम्बंध में वाहनों की लिस्टिंग कर डिस्पोजल कराने के दिशा निर्देश दिए गए। इसक बाद शस्त्रागार, मालखाना, सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर में सियान डेस्क की अलग से व्यवस्था करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। इस दौरान एसपी भावना गुप्ता भी उपस्थित थीं।


निरीक्षण के दौरान थाने में पदस्थ विवेचकों से लंबित अपराध, शिकायत जांच, मर्ग जांच, गुम इंसान की जानकारी ली गई। लंबित प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही कर आम नागरिकों को जांच के नाम पर बार-बार थाना बुलाकर अनावश्यक परेशान ना करने के दिशा निर्देश दिए गए। लंबित मामलों में लापरवाही पाए जाने पर थाना प्रभारी को कड़ी फटकार लगाई गई। आईजी ने गंभीर प्रकारणों में पुलिस मुख्यालय द्वारा प्राप्त इन्वेस्टीगेशन टूल्स किट का प्रयोग करने के दिशा निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन, उप पुलिस अधीक्षक एमआर कश्यप, थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक धीरेन्द्र दुबे, स्टेनो पुष्पेंद्र शर्मा एवं सुभाष ठाकुर सहित थाना गांधीनगर के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित

**छ.ग. फ्र टंलाइन अंबिकापुर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुभाषनगर अंबिकापुर में 25 अप्रैल को वार्षिक परीक्षाफल 2023 की घोषणा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर सुभाषनगर अंबिकापुर के व्यवस्थापक बसंत कुमार गुप्ता तथा अभिभावक प्रतिनिधि विजय व्यापारी एवं भास्कर मिश्रा उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा माता सरस्वती ओम तथा भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय के आचार्य बनवीर एक्का एवं चिरंजीव सिंह द्वारा तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। अर्चना सरकार द्वारा परीक्षाफल की जानकारी दी गई। इस सत्र में गृह परीक्षा में 268 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें 259 उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी से 139 छात्र द्वितीय श्रेणी से 72 छात्र एवं तृतीय श्रेणी से 48 छात्र उत्तीर्ण हुए। कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए परीक्षार्थियों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

## युवा स्वर्णकार समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया गया सम्मानित




**छ.ग. फ्र टंलाइन अंबिकापुर।** शहर के कैलाश मोड़ स्थित स्वर्णकार भवन में युवा स्वर्णकार समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व सरगुजा स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष व संरक्षक अखिलेश सोनी एवं वर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र सोनी के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अखिलेश सोनी ने कहा की मध्य प्रदेश सरकार स्वर्ण कला बोर्ड स्थापना की घोषणा की है। ऐसा छत्तीसगढ़ सरकार में भी होना चाहिए। स्वर्णकार समाज द्वारा यह मांग आवश्यक है। यह कार्य युवाओं के बिना सहभागिता के संभव नहीं है। इस दौरान सरगुजा स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, अधिवक्ता डीके सोनी, मुंद्रिका सोनी, रामचंद्र सोनी, शालिग्राम सोनी, राजेश सोनी, अखिलेश सोनी ने भी संबोधित किया। सरगुजा युवा स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष जितेंद्र सोनी ने अपने कार्यकारिणी की घोषणा की जो इस प्रकार है- संरक्षक-निलेश सोनी, मनोज सोनी, संजय सोनी, राजेश सोनी, संदीप सोनी सिंधु, मनोज सोनी सीकू, सुरेंद्र सोनी पप्पू उपाध्यक्ष- राहुल सोनी बाबू, सुरेंद्र सोनी केदारपुर, सोनू सोनी, अरविंद सोनी, वीर सोनी, अखिलेश सोनी सीतापुर, दीपक सोनी मायापुर। महासचिव-ओपी अजय सोनी सत्तीपारा, सचिव-रिशु सोनी, मनीष सोनी रानू, अनुराग सोनी मैनपाट, प्रकाश सोनी (भोला) उदयपुर मुकेश सोनी रिंग रोड. सहसचिव- अजय सोनी (बिनिया, लखनपुर), आकाश सोनी नमना, प्रतीक सोनी (लक्की) सीतापुर, सचिन सोनी (लुण्ड्रा)। कोषाध्यक्ष-प्रमोद सोनी बल्लू। सहकोषाध्यक्ष- विशाल सोनी केनाबंध। प्रमुखसलाहकार- सीतेंद्र सोनी नमना कला प्रमोद सोनी लटोरी, अरुण सोनी लुण्ड्रा। कानूनी सलाहकार - विकास सोनी दर्रीपारा। कार्यक्रम प्रभारी- रोहित सोनी गोलू, अमित सोनी घुटरापारा, आकाश सोनी लड्डू, शशि सोनी, नीरज सोनी, संतन सोनी अविनाश सोनी कैलाश मोड़. मीडिया प्रभारी-मनीष सोनी घुटरापारा, सोशल मीडिया प्रभारी- पीयूष सोनी। प्रचार-प्रसार प्रमुख- शुभम सोनी। सह प्रचार-प्रसार प्रमुख - प्रदीप सोनी (टुनटुन)। कार्यसमिति सदस्य- अभिषेक सोनी, दीपक सोनीचांदनी चौक शामिल हैं।

## नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार अधिनियम का लाभ दिलाने के खाद्य मंत्री ने दिए निर्देश

### वनाधिकार अधिनियम अंतर्गत दावों के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न



**छ.ग. फ्र टंलाइन अंबिकापुर।** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 यथा संशोधित नियम 2012 अंतर्गत मैनपाट क्षेत्रांतर्गत नवीन दावों, निरस्त दावों का पुनरीक्षण एवं अनुमोदित दावों के प्रमाण पत्रों का वितरण के संबंध में समीक्षा बैठक बुधवार को जनपद सभाकक्ष मैनपाट में आयोजित की गई है। बैठक में शामिल खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत ने नवीन आवेदन और निरस्त प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वनाधिकार पट्टा अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। छत्तीसगढ़ शासन उन्हें उनका अधिकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्र अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत करने के लिए मुनादी कराएं जिससे लोगों तक जानकारी पहुंचे। नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत वनाधिकार अधिनियम का लाभ मिले। मंत्री श्री भगत ने राजस्व एवं वन विभाग को संयुक्त टीम बनाकर नवीन आवेदन लेने, स्थल जांच एवं निरस्त प्रकरणों के पुनः परीक्षण करने की बात कही। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने बैठक में कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है। राजस्व एवं वन विभाग की टीम संयुक्त रूप से बेहतर काम करें। दूरस्थ बसाहटों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पीएचई विभाग को निर्देश- बैठक में दूरस्थ बसाहटों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पीएचई विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए। विभाग द्वारा परपटिया, घटगांव, सिंगढोढी, सुगापानी, कदमटिकरा सहित आवश्यक क्षेत्रों में बोरिंग खनन कर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही सड़क एवं विद्युत संबंधित मांगों पर भी आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। बैठक में उर्दू अकादमी के सदस्य श्री बदरुद्दीन इराकी, सीईओ जिला पंचायत श्री विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्री ए.एल. ध्रुव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिला व खंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।


**एजेंसी देना है**

**सीतापुर, वाड्रफनगर, चिरिमिरी**

में एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा धन राशि के साथ संपर्क करें।

**दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर सरगुजा छ.ग.**

फोन नं. 9826142977, 9713108088

# पर्यटन स्थल में किए कार्य की बकाया राशि हेतु भटक रहे ठेकेदार




प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** पर्यटन स्थल के निर्माण कार्य में लाखों रुपए की पूंजी लगाने वाले ठेकेदार महीनों बाद भी राशि का भुगतान न होने से भटकने मजबूर हैं। पंचायत द्वारा ठेकेदारों को दिए गए चेक बाउंस होने पर अब ठेकेदारों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

मजे की बात तो यह है कि कलेक्टर इफ्फत आरा द्वारा गठित टीम द्वारा जांच कार्रवाई पूर्ण किए जाने के बाद भी बकाया राशि का भुगतान न होने से ठेकेदारों में अब प्रशासनिक उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। ठेकेदारों द्वारा जिला प्रशासन से जल्द भुगतान कराए जाने की मांग की गई है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 के किनारे ग्राम पंचायत जयनगर व तेलईकछार के मध्य स्थित पर्यटन स्थल में महीनों पूर्व ठेका प्रक्रिया के तहत करोड़ों रुपए खर्च कर निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। कार्य पूर्ण किए जाने के महीनों बाद भी लाखों रुपए के भुगतान न मिलने से नाराज ठेकेदारों द्वारा कलेक्टर को कई बार ज्ञापन सौंपकर शेष राशि का भुगतान कराए जाने की गुहार लगाई गई। बावजूद इसके आज तक ठेकेदारों के बकाया राशि का भुगतान नहीं हो सका है। ठेकेदारों द्वारा पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर कलेक्टर इफ्फत आरा द्वारा सितंबर माह में जांच टीम गठित कर कार्यों का सत्यापन कराए जाने के बाद राशि का भुगतान कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर के निर्देश पर गठित जांच टीम द्वारा मौके पर आकर किए गए कार्यों का सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जांच कार्रवाई के महीनों बाद भी ठेकेदारों को बकाया आज तक भुगतान नहीं किया जा सका है। ऐसी स्थिति में संबंधित ठेकेदार आज भी अपनी बकाया राशि के भुगतान हेतु केवल अधिकारियों के चक्कर काटने को विवश हैं। कलेक्टर के निर्देश के महीनों बाद भी ठेकेदारों को बकाया राशि का भुगतान न होने पर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछले दिनों उच्चाधिकारियों द्वारा बकाया राशि के भुगतान हेतु रुचि दिखाई गई थी लेकिन बाद में अधिकारियों द्वारा मामले में चुप्पी साध लिए जाने से ठेकेदारों के माथे पर चिंता की लकीरें झलकने लगी है। बताया जा रहा है कि केनापारा-वरपारा पर्यटन स्थल में शासन के मंशानुरूप पार्थ वे निर्माण कार्य हेतु 19.86 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी, जिसका सीसी 18.40 लाख रुपए किया गया है। पार्थ वे एवं पवेलियन में विद्युतीकरण कार्य हेतु 19.91 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी, जिसमें 19.87 लाख रुपए की सीसी लगाई गई है। किड्स जोन एवं सजावटी लाइट कार्य हेतु 8.38 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी, जिसमें सीसी 8.33 लाख रुपए की लगाए जाने के बाद भी ठेकेदारों को आज तक बकाया राशि का भुगतान न मिलने पर आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदारों ने बताया कि बकाया राशि के भुगतान हेतु 2 दिन पूर्व भी जिपं सीईओ आईएएस सुश्री लीना कोसम से मुलाकात किया गया था, जिस पर जिपं सीईओ द्वारा पुनः मामले की जांच कराए जाने की बात कहकर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर लिया गया है। ठेकेदारों को बकाया राशि के भुगतान कराए जाने के एवज में ग्राम पंचायत तेलईकछार के सरपंच-सचिव द्वारा 1.54 लाख रुपए के चेक ठेकेदारों को दिया गया था, लेकिन उक्त चेक भी बाउंस हो गया है।

## महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में इंस्टालेशन प्रशिक्षण की समीक्षा हुई

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम ने महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क की समीक्षा लिये। बैठक में उन्होंने रीपा अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण, मशीन के इंस्टालेशन, प्रशिक्षण, सामग्री उत्पादन एवं विक्रय हेतु समीक्षा की। सभी अधोसंरचनाओं को 30 अप्रैल 2023 तक पूर्ण करते हुए मशीन का इंस्टालेशन कार्य पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया। कार्य समय सीमा में पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित के ऊपर कार्यवाही किये जाने कहा। गतिविधियों में महिलाओं एवं पुरुष की भागीदारी बराबर करने, प्रत्येक दिवस समस्त गतिविधियों के जिओटैग फोटो ग्रुप में शेयर करने हेतु निर्देशित किया। सभी कार्यों की प्रगति ऑनलाइन एमआईएस में नियमित रूप से अपडेट करने का निर्देश दिए। 26 अप्रैल को संभाग स्तरीय वर्कशॉप जशपुर में आयोजित होने की जानकारी प्रदाय किया गया एवं जिला नोडल, डीपीएम आजीविका एवं समस्त रीपा मैनेजर को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु निर्देश दिए।

# पुलिस की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लटोरी पुलिस ने बताया कि वर्ष 2017-18 में पुलिस भर्ती की प्रक्रिया चल रहा था। पुलिस भर्ती हेतु ग्राम पंचायत छत्तरपुर निवासी प्रार्थी दलगर राम पिता सनुप राम व आशा राम पिता नन्दू राम द्वारा भी आवेदन जमा किया गया था।

आरोपी अंबिकापुर बौरीपारा निवासी 45 वर्षीय अरविंद पाण्डेय पिता स्व.अगस्त पाण्डेय ने गांव में आया और बोला कि जो भी पुलिस प्रक्रिया में भर्ती करवाना चाहते हैं, वे संपर्क करें। जिस पर प्रार्थी दलगर राम व आशा राम द्वारा पुलिस में भर्ती होने की इच्छा जताई गई। इसके पश्चात प्रार्थी दलगर ने डेढ़ लाख रुपए व आशा राम ने 1.30 लाख रुपए आरोपी अरविंद पाण्डेय के झांसे में आकर दिया था। भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रार्थियों की भर्ती नहीं होने पर जब अपने राशि वापस मांगी गई, तब आरोपी द्वारा दलगर को 45 हजार रुपए व आशा राम को 20 हजार रुपए वापस करके शेष दोनों युवकों के लिए धारा 420 के तहत मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर आज




2 लाख 15 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया था लेकिन उक्त चेक भी बाउंस हो गया था। जिस पर प्रार्थी दलगर राम द्वारा मामले की शिकायत पुलिस के पास दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा आरोपी अरविंद पाण्डेय को न्यायालय पेश कर दिया है। कार्रवाई में लटोरी चौकी प्रभारी धनंजय पाठक, सहायक उपनिरीक्षक अरविंद प्रसाद, आरक्षक अंबिका मरावी, नन्दकिशोर राजवाड़े, शोभनाथ कुशवाहा, महिला आरक्षक मुनेश्वरी पैकरा सक्रिय रहे।

## पुरानी पेंशन योजना अथवा एनपीएस के चयन हेतु तिथि में वृद्धि

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** राज्य शासन के शासकीय सेवकों के लिए पुरानी पेंशन योजना अथवा एनपीएस का चयन हेतु विकल्प प्रस्तुत करने के लिए 5 मार्च 2023 तक समय-सीमा निर्धारित की गई थी। इस अवधि में कतिपय शासकीय सेवकों द्वारा किसी भी प्रकार का विकल्प प्रस्तुत नहीं किया गया है। ऐसे शासकीय सेवकों के लिये राज्य शासन द्वारा पुरानी पेंशन योजना अथवा एनपीएस का चयन हेतु 08 मई 2023 तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है। अतः ऐसे शासकीय सेवक जिनके द्वारा पुरानी पेंशन योजना अथवा एनपीएस के चयन नहीं किया गया है, उनसे विकल्प प्राप्त कर कार्मिक संपदा में अपडेट किया जाये। शासकीय सेवक द्वारा विकल्प प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो भविष्य में किसी प्रकार का विकल्प चयन करने का अन्य अवसर नहीं दिया जायेगा। इस प्रकार निर्धारित तिथि तक विकल्प प्रस्तुत नहीं करने वाले शासकीय सेवकों द्वारा स्वयं मेय एनपीएस हेतु सहमति मान्य करते हुए आगामी कार्यवाही की जावेगी। निर्धारित तिथि में विकल्प प्रस्तुत करने के लिए अपने कार्यालय से संबंधित शासकीय सेवकों को पृथक से कार्यालयीन पत्र के माध्यम से सूचित कर अनिवार्यतः विकल्प प्राप्त करने का कष्ट करें।

## बाजपेयी परिवार ने भगवान परशुराम की शोभायात्रा में किया शीतल पेय का वितरण

**रायगढ़। छ.ग. फ्रंटलाइन।** नगर के विप्र समाज द्वारा शस्त्र और शास्त्र के अध्येता, ब्राह्मण कुल में जन्म लेने वाले भगवान परशुराम की शोभायात्रा नगर में निकाली गई जिसका सभी ने स्वागत किया। शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए हंडी चौक के बाजपेयी परिवार ने शोभा यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं तक सेवा पहुंचाई और शीतलय पेय का वितरण किया।

# बस्तामुक्त विद्यालय रुनियाडीह में बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु की टीम द्वारा क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत इस टीम में डॉ. आरके गुप्ता मेडिकल ऑफिसर आयुष, डॉ. एन्जिल आभा कुजूर मेडिकल ऑफिसर, नीरज जायसवाल फार्मासिस्ट, श्रीमती मंजू कुशवाहा एमएलटी, श्रीमती मिथलेश राजवाड़े एएनएम उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संस्था में उपस्थित 57 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर लू, मलेरिया एवं डायरिया से बचने की सलाह दी गई तथा किसी प्रकार की स्वास्थ्यगत परेशानी होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कराने, मिली हुई दवाईयों का समुचित सेवन करने की हिदायत दी गई। लू लगने पर आम का पाना या स्वच्छ एवं उबले पानी में ओआरएस घोल बनाकर पीने, सिर पर गिला कपड़ा रखने की सलाह देते हुए भीषण गर्मी पड़ने के दौरान घर से बाहर निकलने के लिए मनाही कर लू से बचने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान शिक्षक सीमांचल त्रिपाठी, श्रीमती एम. टोप्पो, रिजवान अंसारी, एमडीएम सहायिका सुमित्रा राजवाड़े व नान दईया उपस्थित रहे।

## ग्राम जडजडा में युवक ने लगाई फांसी

**गरियाबंद। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम जडजडा में युवक के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया।घटना के विषय मे सीटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जडजडा में एक युवक के द्वारा अपने ही घर मे प्लास्टिक रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया।सीटी कोतवाली को मृतक के परिजनों द्वारा बताया गया कि 21 वर्षीय गनपत ध्रुव पिता रोवि सिंह ध्रुव जो कि सुबह ही घर से निकला लेकिन काफी देर तक घर नही लौटा,तब परिजन उसकी तलाश गाँव और आसपास किये लेकिन वो नही मिला।तभि घर मे ही मवेशी रखने के लिए बनाए कोठा में पटास्टिक की रस्सी से फांसी पर लटके गणपत को देखा गया।तब घटना की जानकारी परिजनों के द्वारा सीटी कोतवाली को दिए।जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुँचे और शव का पंचनामा बनाते हुए शव को उतारे और पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लेकर आए,और मर्ग कायम कर जांच किया जा रहा है।

# नाला पाटने की विवाद पर डिप्टी कलेक्टर ने किया निरीक्षण

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर के अवराडुगु में स्थित शासकीय भूमि पर प्राचीन नाला को भू माफियाओं द्वारा बंद कर प्लाटिंग करने के मामले में आज डिप्टी कलेक्टर व पिलखा नायब तहसीदार ने दलबल के साथ मौके पर जाकर वस्तुस्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उक्त भूमि पट्टे की पाई गई।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत शिवनन्दनपुर अवराडुगु बस्ती में भू माफियाओं द्वारा वर्तमान में कृषि मद की भूमि को अवैध तरीके से क्रय कर उसमें प्लाटिंग करने का कार्य किए जाने की शिकायत गतदिनों शिवनन्दनपुर पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा कलेक्टर से की गई थी। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन में उल्लेख किया गया था कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर डीएमक्यू डबल स्टोरी कालोनी के पीछे खसरा क्रमांक 226, 207, 229, 261, 299 में उक्त भूमि स्थित है। उक्त भूमि में ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर डीएमक्यू कालोनी एवं रेल्वे स्टेशन, कुंजनगर की संयुक्त बस्ती के




जल एवं बारिस की पानी की निकासी उक्त नाले के माध्यम अब तक हो रहा था।वर्तमान समय में उक्त स्थल पर प्लाटिंग कर कालोनाईजर एक्ट के विपरित भूमाफियाओं द्वारा जमीन खरीद ब्रिकी का कार्य किया जा रहा है, जिसमें स्थानिय लोगों के खिलाफ जाकर उनके पानी निकासी की व्यवस्था को बाधित करते हुए नाले का पूरी तरह से पटाई कराकर उसमें प्लाटिंग कर दिया गया है। शिकायत पर बुधवार को डिप्टी कलेक्टर व पिलखा नायब तहसीलदार प्रियंका रानी गुप्ता, राजस्व निरीक्षक डीडी लकड़ा, हल्का पटवारी सतीश सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का आंकलन करने नापजोख किया गया। नापजोख में पाया गया कि खसरा नंबर 229, 232 में जो प्लाटिंग कर मिट्टी गिराई गई थी वह कौशल्या, विजेंद्र, कृष्णा, प्रभात वगैरह की है। खसरा नंबर 226/1 राखी सिंह पिता रामभजन सिंह की है, खसरा नंबर 226/2 बसंती देवी पति परषोत्तम की है। खसरा नंबर 267 धन सिंह पिता चमरू गोंड, खसरा नंबर 261/1 पंचम पिता नन्दू गोंड, खसरा नंबर 261/2 राखी सिंह पिता रामभजन गोंड, खसरा नंबर 261/3 रामचन्द्र पिता दसई एवं खसरा नंबर 299 राजकुमार पिता रामप्रसाद की भूमि राजस्व रिकार्ड में अंकित है। निरीक्षण कार्रवाई के दौरान बीडीसी पति संजय सोनी, सरपंच पति रामनारायण सिंह, वार्ड पंच रामलाल सोनी व अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## उत्तरी छत्तीसगढ़ में विशेष संरक्षित जनजातियों के लिए सेवा केन्द्रों का शुभारंभ

**रायपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** उत्तरी छत्तीसगढ़ के सुदूरवर्ती गाँव बहालपुर और सिंघत में प्रदेश की विशेष संरक्षित पंडो और बैगा जनजातियों के लिए सेवा केन्द्रों की शुरुआत की गयी है। ये दोनों केन्द्र राजधानी रायपुर की दो समाज सेवी संस्थाओं (1) प्रोग्रेसिव युटिलाईजेशन ऑफ रिसर्च एंड ईकानामिक्स ( प्योर) और (2) डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट ( दोस्त ) द्वारा स्थापित किए गए हैं। दोनों गाँव राज्य शासन द्वारा नवगठित मनेन्द्रगढ़ -चिरमिरी-भरतपुर यानी एमसीबी जिले में स्थित हैं। राजधानी रायपुर के वरिष्ठ मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. सत्यजीत साहू ने कल इन केन्द्रों का शुभारंभ किया। उनके नेतृत्व में दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बहालपुर और सिंघत में विशेष संरक्षित पंडो और बैगा जनजातियों के लोगों और स्थानीय ग्रामीणों को इस सेवा प्रकल्प की जानकारी दी। डॉ. सत्यजीत साहू ने उन्हें सम्बोधित करते हुए बताया कि विशेष संरक्षित जनजाति सेवा प्रकल्प के तहत ये सेवा केन्द्र एमसीबी जिले में इन समुदायों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, संस्कृति और मूलभूत अधिकारों के लिये कार्य करेंगे । उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार और समाज दोनों की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी । देश और समाज की मुख्यधारा के लोगों का कर्त्तव्य है कि वे समाज की अंतिम पंक्ति के लोगों को अपने साथ जोड़ने के लिए अपनी ज़िम्मेदारियों का निर्वहन करें। डॉ. साहू ने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ वंचित लोगों को दिलाने के लिये जागरूकता की आवश्यकता है । प्योर संस्था के एमसीबी ज़िले के प्रमुख दिनेश यादव ने कहा कि पंडो सेवा केंद्र में संरक्षित जनजाति के ही चुने हुए लोगों को सेवा-मितान बनाकर सेवा कार्य किया जायेगा । दोस्त संस्था के एमसीबी ज़िले के संयोजक शोएब अली को सेवा- मितानों के प्रशिक्षण और संपर्क की जवाबदारी दी गई है । ज्ञातव्य है कि दोस्त और प्योर संस्था प्रदेश के सातों विशेष संरक्षित जनजाति के विकास के लिये लिये सेवा केंद्र की स्थापना कर रही है । इस प्रकार का सेवा प्रकल्प छत्तीसगढ़ के साथ देश भर के लिये एक मॉडल के रूप में सामने आएगा। पंडों और बैगा दोनों सेवा केंद्र को सक्रिय सहयोग और नेतृत्व देने का काम प्रदीप प्रधान करेंगे.

प्योर और दोस्त संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल ने सुनील शर्मा और सूरज दुबे के साथ खड़गंवा विकासखंड में कई समाजों के प्रतिनिधियों से भी मुलाक़ात की। साहू समाज के वरिष्ठ समाजसेवी जनपद उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, आदिवासी समाज के सूर्यप्रकाश सिंह , पनिका समाज के प्रतिष्ठित समाज सेवी बलदेव दास और ग्रामीण अंचल के जनसहयोगी नेता अशोक श्रीवास्तव (सुन्नु)से समाज सेवा के विभिन्न प्रकल्पों के बारे में विस्तार से चर्चा हुई. सेवा मितान के लिये पंडो समाज से नंदलाल जी और श्रीमती मंजू और बैगा समाज से शिवचंदर का मनोनयन किया गया है।

# लकड़ी लोड ट्रक के नीचे आई बाइक, चालक की मौके पर मौत, एक अन्य घायल

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में सड़क दुर्घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। बेलगाम दौड भारी वाहनों की चपेट में आने से लोगों की मौत हो रही है। ग्राम भुलसीडीह के पास एक ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की कुचल जाने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले दर्ज कर वाहन जब्त कर लिया।

भिलाइखुर्द के पास हुए एक अन्य दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गया। घटना रजगामार पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम झगरहा वन विभाग के नाका के पास भुलसीडीह में रविवार की शाम घटित हुई। कोरबा की ओर लकड़ी लेकर जा रहा एक ट्रक क्रमांक सीजी 15 ए 3104 ने कोरबा से कोरकोमा की ओर जा रहे बाइक क्रमांक सीजी 13 एफ 0513 सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इससे घटना स्थल पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। इस बीच सूचना मिलने पर पुलिस स्थल पर पहुंची। मृतक के पास पड़े बैग की जांच करने पर पुलिस को उसमें 30 हजार नगद मिले। साथ मृतक की पहचान ग्राम ढेंगुरडीह निवासी दिलेश्वर चौहान के रूप में हुई। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही बाइक व ट्रक जब्त कर थाना ले आई। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के स्वजन भी स्थल पहुंचे। मृतक किस काम से कोरबा आया था, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस का कहना है कि जल्द चालक को पकड़ लिया जाएगा। एक अन्य सड़क दुर्घटना ग्राम भिलाईखुर्द के पास घटित हुई। इसमें भी एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना मे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद बस्तीवासियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देकर शांत कराई।

# मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने अधिकारियों से की चर्चा, शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन की सराहना की

## प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर चाय, आलू, स्ट्रॉबेरी, लीची, आम, कटहल, काजू फसलों के खेती की अपार संभावना है-श्री प्रदीप शर्मा

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**





**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार, योजना, नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की योजनाओं के संबंध में चर्चा किए एवं योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सराहना कर निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जशपुर जिला दूरस्थ क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद प्राकृतिक सौंदर्य से भरा है। जशपुर की तस्वीर बदल रही है यहां का वातावरण खूबसूरत है, गांव, शहर के हर व्यक्ति का भविष्य सुरक्षित है राज्य शासन सभी वर्गों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही है। जशपुर एक परिवार की तरह आगे बढ़ रहा है सभी मिलकर बेहतर कार्य कर रहे हैं। शासन की योजनाएं जन-जन तक पहुंच रही है उन्होंने समूचे अधिकारियों को बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यहां प्राकृतिक सुंदरता के साथ चाय, आलू, स्ट्रॉबेरी, लीची, आम, कटहल, काजू फसलों के खेती की अपार संभावनाएं है, शासन एवं प्रशासन जशपुर के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने कहां की यहां आजीविका गतिविधियों को संचालित व विकसित करते हुए ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने की अपार संभावनाएं हैं। शर्मा ने जिन स्थानों पर रीपा संचालित है, वहां आस-पास के पांच गांव को भी शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठानों में गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट निर्माण को बढ़ाने के निर्देश देते हुए समूह की महिलाओं को प्रेरित करने के लिए कहा है। बैठक में कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने मार्गदर्शन एवं सुझाव के लिए धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हुए कहा कि शासन द्वारा विभागीय की योजनाओं की क्रियान्वयन किया जा रहा है। सभी विभाग मिलकर शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन और बेहतर किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री के सलाहकारी शर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रंजीत टोप्पो, स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री स्मृति एक्का, जिला श्रम पदाधिकारी जी.पी. प्रसाद एवं जिला कोषालय अधिकारी गणेशु प्रसाद घिदौड़े को प्रशस्थित पत्र देकर सम्मानित किया। शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव में सिजेरियन प्रसव की सुविधा प्रारंभ कराये जाने में अपनी योगदान देने पर डॉ. रंजित टोप्पो एवं सुश्री स्मृति एक्का को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत श्रम विभाग में असंगठित कर्मकार के तहत् संचालित भगिनी प्रस्तुति सहायता योजना के तहत् तथा भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मण्डल के तहत् 2474 लक्ष्य के विरूद्ध 2368 गर्भवती महिला श्रमिकों का पंजीयन किए जाने पर सक्रिय कार्यप्रणाली से उनके आर्थिक एवं सामाजिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा जिस हेतु श्रम पदाधिकारी जी.पी. प्रसाद एवं मनोरा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से सेवानिवृत्त आदित्य के सामान्य भविष्य निधि की राशि का भुगतान अविभाजित मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा नहीं किए जाने के फलस्वरूप प्राप्त आवेदन पत्र को समय-सीमा में निराकरण कराये जाने पर जिला कोषालय अधिकारी गणेशु प्रसाद घिदौड़े को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जशपुर विधायक विनय भगत, कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव, डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय, सूरज चौरसिया, झारखंड से आए फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी सिद्धार्थ, अतिथि गण एवं संभाग से आए संभाग स्तरीय टेक्निकल सपोर्ट एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य में लगे मिक्सर मशीन के चारों पहिया एवं पैनल की चोरी करने वाला आरोपी लुकेश्वर यादव हुआ गिरफ्तार

**चोरी किया हुआ सामान हुआ बरामद थाना पत्थलगांव क्षेत्र के ग्राम कछार का मामला, आरोपी ने आपसी रंजिशवश उक्त घटना को दिया था अंजाम, आरोपी के विरूद्ध थाना पत्थलगांव में धारा 379, 427 भादवि का अपराध दर्ज**



**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** प्रकरण के संबंध में पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी निखिल अग्रवाल उम्र 33 साल निवासी पत्थलगांव ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 22 अप्रैल 2023 की रात्रि में किसी अज्ञात आरोपी उसके ग्राम कछार के पास बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य में लगे मिक्सर मशीन के चारों पहिया को खोलकर ले गया साथ ही मशीन में लगे दोनों ढक्कन एवं डीजल टैंक के ढक्कन खोलकर उसमें रेत भर दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध उक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान थाना पत्थलगांव द्वारा मुखबीर की सूचना पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुये प्रकरण के संदेही आरोपी लुकेश्वर यादव को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर बताया गया कि उसका ग्राम कछार में प्रार्थी के जमीन से लगा हुआ जमीन है। आरोपी के द्वारा प्रार्थी को उक्त जमीन पर बाउण्ड्रीवाल के लिये खोदे गये गढ्ढ़ा को मना करने से नहीं मानने पर प्रार्थी के द्वारा निर्माण कार्य में लगाये गये नया मिक्सर मशीन का चारों पहिया एवं दोनों पैनल को खोलकर चोरी कर ले जाना तथा मिक्सर मशीन के डीजल टंकी एवं अन्य भाग में रेत भरकर नुकसान पहुंचाना बताया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किया हुआ सभी पहिया को बरामद किया गया। आरोपी लुकेश्वर यादव उम्र 45 साल निवासी कछार थाना पत्थलगांव के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे दिनांक 24 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक भास्कर शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक संतोष तिवारी, आरक्षक शैलेन्द्र सिंह, आरक्षक 383 आशीशन प्रभात टोप्पो, आरक्षक 748 भवानी लाल कहरा, आरक्षक अजय खेस्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से गर्मी और लू से बचने की अपील की

**मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को आवश्यक इंतजाम के दिये निर्देश, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा दिशा निर्देश जारी**

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीते एक सप्ताह से छत्तीसगढ़ में तापमान मे हुई वृद्धि और गर्म हवाओं के थपेड़ों को देखते हुए लोगों को गर्मी और लू से बचने की अपील की है। उन्होंने गर्मी और लू से बचाव के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। मुख्यमंत्री बघेल के निर्देश के परिपालन में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों को ग्रीष्म ऋतु तथा लू से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाने के संबंध में पत्र जारी किया गया है। पत्र में कलेक्टरों को ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए लू से बचाव के संबंध में जिला, तहसील एवं ग्राम पंचायत स्तर पर शिक्षकों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिवों और कोटवारों के माध्यम से जन समुदाय को जागरूक करने को कहा गया है। लू-तापघात से बचाव की तैयारी हेतु जिला स्तर पर नोडल अधिकारी भी नियुक्त करने की बात कही गई है। इसके साथ ही सभी प्रमुख विभागों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। पत्र में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति करने के साथ ही एन.जी.ओ. लायंस क्लब, रोटरी क्लबों द्वारा पीने के पानी की व्यवस्था, में आवश्यक सहयोग लेने और शहरी क्षेत्रों में हरित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए प्रयास करने कहा गया है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को सभी अस्पतालों में लू से बचाने के साथ ही लू से पिड़ित लोगों के उपचार के निर्देश दिये गये है। श्रम एवं रोजगार विभाग को गर्मी के समय (दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे तक) बाहरी काम एवं लू से बचने के लिए कार्यालयीन समय में आवश्यकता अनुसार परिवर्तन करने कहा गया है। पशु चिकित्सा विभाग को पशुओं को लू से बचाने के लिए आवश्यक दवाइयों के साथ ही चारे पानी का इंतजाम रखने के निर्देश दिये है। परिवहन विभाग को जिलों के मुख्य बस स्टैण्ड/टर्मिनल पर प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा गया है। शिक्षा विभाग को गर्मी के समय में शिक्षण संस्थानों के समय में आवश्यक परिवर्तन और शालाओं में शीतल पेयजल/ओ.आर.एस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। इसके साथ ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मनरेगा में काम करने के लिए कार्य स्थलों पर पीने का पानी एवं छाया की व्यवस्था करने को कहा। वन विभाग को जंगल की आग से बचने के लिए वन क्षेत्र में निरंतर निगरानी रखने और वन क्षेत्रों के जंगली जानवरों एवं पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था करने को कहा गया है। जल संसाधन विभाग को गर्मी को देखते हुए ट्यूबवेलों की मरम्मत तथा राज्य में किसी भी स्थान पर जल संकट होने की स्थिति में त्वरित कार्यवाही के लिये उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। कृषि विभाग एवं उद्यानिकी फसलों पर पड़ने वाले ऋतु के प्रभाव के बारे में किसानों को जागरूक करने, खाद्य विभाग को उचित मूल्य की दुकानों पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल संकट वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से अक्रियाशील हेण्डपंपों की मरम्मत करवाने, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल की कमी का आंकलन तथा पेयजल संकट से निपटने के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये गये हैं।

**लू के लक्षण:-**

लू में सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना चक्कर और उल्टी आना तथा शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना और अधिक प्यास और पेशाब कम आने की समस्या होती है। लू, तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यत: नमक की कमी हो जाने से होती है।

**लू से बचाव:-**

बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर न निकलें, धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पियें, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीयें, चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेय जल अथवा जूस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। लू लगने पर बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगावें, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलाएं पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा देवें और ओ.आर.एस. का सेवन करें। इसके साथ ही प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से नि:शुल्क परामर्श भी ले सकते हैं और उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र जाएं।


न्यायालय तहसीलदार पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ-20(2) / 2022-23
ग्राम पत्थलगांव, तह0 पत्थलगांव
ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिला तिर्की पति रवि तिर्की जाति उरांव, निवासी- वा. क्र. 13 प्रेमनगर, पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम पत्थलगांव स्थित ख0 नं0 612 / 1, 613 / 1 में से रकबा 500 वर्गफुट शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण भूमि का व्यवस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हतु कलेक्टर महोदय जशपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि को व्यस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक 21.07.2023 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 07.07.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ0ग0)



न्यायालय तहसीलदार पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ-20(2) / 2022-23
ग्राम पत्थलगांव, तह0 पत्थलगांव
ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक परमेश्वर सिदार आ0 ननका राम सिदार जाति गोड, निवासी- भाथुडाड वा. क्र. 15 पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम भाथुडाड पत्थलगांव प0ह0नं0 06 तहसील पत्थलगांव स्थित शासकीय भूमि नजूल प्लॉट / ख0 नं0 796 में से रकबा 0.130 हे0 में से रकबा 13080 वर्गफुट नजूल भूमि आवेदक के नाम पर व्यवस्थापन पर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हतु कलेक्टर महोदय जशपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि को व्यस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक 25.04.2023 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ0ग0)


## मच्छरों से सुरक्षित रहने के लिए मच्छरदानी का नियमित उपयोग करें

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** मलेरिया एक ऐसी बीमारी है, जो सालों से लोगों को अपना शिकार बनाते आयी है। हर साल 25 अप्रैल को मलेरिया के प्रति लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के 'विश्व मलेरिया दिवस' यानी वर्ल्ड मलेरिया डे (World Malaria Day) मनाया जाता है। मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है जिससे भारत में हर साल हजारों लोग संक्रमित और काल कलवित होते हैं। मलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है। यह मादा एनाफिलीज मच्छर के जरिए इंसानों के बीच फैलता है। मलेरिया प्लाज्मोडियम विवेक्स नाम के वायरस के कारण होता है। जब मादा एनाफिलीज मच्छर किसी संक्रमित व्यक्ति को काटता है तो इस वायरस का अंश मच्छर के शरीर में स्थानांतरित हो जाता है। इसके बाद जब यह मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो यह वायरस उन व्यक्ति के शरीर में स्थानांतरित हो जाता है। इसके बाद वह भी मलेरिया से संक्रमित हो जाता है। गंदगी मलेरिया का सबसे बड़ा कारण है। घरों इत्यादि के आसपास गंदगी होने के कारण वहां मच्छर पनपते हैं। इसके बाद वह इंसानों को काटकर उन्हें मलेरिया से संक्रमित कर देते हैं। इसलिए मलेरिया से बचाव के लिए आवश्यक है कि अपने घर के पास साफ सफाई रखें व मच्छर पनपने वाले स्रोतों को नष्ट करें। मलेरिया से संक्रमित व्यक्ति को मच्छर के काटने के 6 से 8 दिन के बाद लक्षण दिखाई देते हैं। इसमें तेज बुखार, थकान, सिर दर्द, पेट में दर्द, चक्कर आना, बेहोशी आना, एनीमिया, मांसपेशियों के दर्द, उल्टियां होने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इस बीमारी से बचने के लिए आप अपने घर के आसपास पानी जमा न होने दें और साफ सफाई का पूरा ध्यान रखें। मच्छरों से सुरक्षित रखने के लिए मच्छरदानी और मच्छररोधी क्रीम का इस्तेमाल करें व पूरी बांह के कपड़े पहने। प्रदेश को मलेरिया एवं एनीमिया व कुपोषण से मुक्त करने तथा शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान शुरू किया गया। इस अभियान के सात चरणों के दौरान अब तक कुल 150.96 लाख लोगो की मलेरिया जांच की गई व 1,49, 972 मलेरिया प्रकरणों का पूर्ण इलाज किया गया। इस अभियान के प्रथम चरण में जहां मलेरिया पाजिटिविटी रेट जहां 4.6 था जो अब कम होकर सातवें चरण में 0.46 हो गया है। विश्व मलेरिया दिवस 2023 की थीम-हर साल विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर एक विशेष थीम रखता है। वर्ष 2023 की थीम है शून्य मलेरिया देने का समय-निवेश करें, नवाचार करें, लागू करें थीम के जरिए लोगों को मलेरिया से सुरक्षित रहने के नए उपायों को बारे सोचने को प्रेरित करना है।


न्यायालय तहसीलद प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.............

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक खुशलाल गुप्ता आ0 लोकनाथ गुप्ता जाति रौनियार निवासी प्रतापपुर थाना व तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा अपनी पुत्री दिव्या गुप्ता पिता खुशलाल गुप्ता का केन्द्र सरकार के अन्तर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु / शैक्षिणक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ 10 वीं की अंकसूची का छाया प्रति, बी-1, निवास प्रमाण-पत्र, शपथ-पत्र संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है। अतः इसमें किसी को कोई आपत्ति हो दावा हो, तो वह अपनी लिखित आपत्ति दिनांक27.04.2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति दावा मान्य नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 12.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से उद्घोषणा जारी किया गया।

तहयीलदार
प्रतापपुर



**कार्यालय नगर पालिक परिषद् मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ0ग0)**

क्रमांक / 215 / लो.नि.वि. / न.पा. / 2023-24 मनेन्द्रगढ़, दिनांक 25.04.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैन्युअल पद्धति द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य / स्थल का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | वार्ड क्र. 01 से 22 तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 20.00 | 17/05/2023 |
| 2 | वार्ड क्र. 01 से 22 तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। | 20.00 | |
| 3 | वार्ड क्र. 01 से 22 तक नाली मरम्मत कार्य। | 20.00 | |
| 4 | वार्ड क्र. 01 से 22 तक आर.सी.सी. स्लेब निर्माण कार्य। | 20.00 | |
| 5 | वार्ड क्र. 01 से 22 तक विभिन्न नर्माण / सौन्दर्यीकरण / मरम्मत इत्यादि अन्य कार्य। | 20.00 | |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uda.cg.gov.in पर अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़
जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ0ग0)


## राज्य पोषित डेयरी विकास योजना से गौठान के सदस्य हो रहे लाभान्वित

**डेयरी उद्यमिता विकास योजना से समूहों के सदस्यों को प्रतिमाह 1 लाख 80 हजार की हो रही है आमदनी, अधिकांश दूध का विक्रय स्थानीय बाजार, घरों एवं नजदीक के बाजार में प्रति लीटर 50 रूपए की दर सें हो जाता है**



श्रीमती बिबयाना मिंज, दीप स्व.सहा.समूह फरसाबहार

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** पशुधन विभाग द्वारा जिले में स्व-सहायता समूहों एवं अन्य हितग्राहियों को छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़कर आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शासन की महत्वकांक्षी योजना अंतर्गत निर्मित गौठान फरसाबहार में कार्यरत स्व सहायता समूहों के सदस्यों को वर्ष 2022-23 राज्य पोषित डेयरी उद्यमिता विकास योजना अंतर्गत एक इकाई (2 नग गाय) पशुधन विकास विभाग की ओर से प्रदाय किया गया। इनमें दीप स्व सहायता समूह के सदस्य श्रीमती बिबयाना मिंज, जय मां भवानी स्व-सहायता समूह के सदस्य श्रीमती तरसिला कुजूर, वर्षा स्व-सहायता समूह के सदस्य श्रीमती जीवन झरना तिर्की, श्रीमती बसंती बाई, श्रीमती बसंती यादव, भाग्यलक्ष्मी स्व-सहायता समूह के सदस्य लक्ष्मी यादव, भारत स्व-सहायता समूह के सदस्य श्रीमती तिलोतमा और प्रगति स्व-सहायता समूह के सदस्य श्रीमती खीरकुमारी पटेल शामिल हैं। पूर्व में समूह के सदस्यों के पास आय का कोई साधन नहीं था, वर्तमान में प्रति समूह के पास 2-6 गाय है, जिनसे प्रति माह 3600 लीटर दूध प्राप्त हो रहा है। जिससे हितग्राही को 1 लाख 80 हजार प्रतिमाह आमदनी हो रही है। विभाग के द्वारा गौठान के चारागाह में नेपियर रोपण किया गया है, जिससे पशुओं को सरलता से हरा चारा प्राप्त हो रहा है। समूह द्वारा डेयरी अनुदान एवं पशु शेड हेतु आवेदन एक साथ किया गया है, जिसमें से पशु क्रय कर लिया गया है तथा शेड बनना बाकी है। जब तक पशु शेड नहीं बन जाता हितग्राहियों द्वारा पशुओं को स्वयं के घर पर रख कर देखभाल किया जा रहा है। गौठान में पर्याप्त चारा व्यवस्था होता है तो पशुओं को चराने के लिए गौठान लाया जाता है। प्राप्त दुध का कुछ भाग सदस्यों के घर के लिए उपयोग किया जाता है, अधिकांश दूध का विक्रय स्थानीय बाजार, घरों एवं नजदीक के बाजार जैसे-तपकरा, बागबहार, पंडरीपानी आदि के होटलों प्रति लीटर 50 रु की दर से हो जाता है। बचे हुए दुध का उपयोग स्थानीय बाजार के मांग अनुसार दही व पनीर बनाकर विक्रय किया जाता है। डेयरी स्थापना पश्चात समूह के सदस्यों को रोजगार के साथ-साथ सरलता पूर्वक गाय दूध प्राप्त हो रहा है, जिसकी कुछ मात्रा परिवार के सदस्यों के द्वारा उपयोग किया जा रहा है जिससे पोषक आहार में वृद्धि हो रही है। पशुधन विभाग के द्वारा समय-समय पर भ्रमण कर कृत्रिम गर्भाधान, उपचार एवं मार्गदर्शन दिया जाता है। जिससे सदस्यों को पशुओं के उपचार एवं पालन पोषण करने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ता हैं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया है।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ-2 / 2022-23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुबोध सिन्हा आ0 बालमुकुन्द सिन्हा जाति कायस्थ, निवासी ग्राम / नगर भट्ठी रोड़ केदारपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित- ग्राम देवगढ़, तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 106 / 2 रकबा 0.057 हे. में से 0.045 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, नक्शा, पंचयत प्रस्ताव, सेटलमेंट, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 10.05.2023 को मेरे न्यायाल में अथवा अधिक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 24.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर



न्यायालय तहसीलदार पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ-20(2) / 2022-23
ग्राम पत्थलगांव, तह0 पत्थलगांव
ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार सिदार पिता मंगल साय सिदार जाति गोड, निवासी- भाथुडाड वा. क्र. 15 पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम भाथुडाड पत्थलगांव प0ह0नं0 06 तहसील पत्थलगांव स्थित शासकीय भूमि नजूल प्लॉट / ख0 नं0 796 में से रकबा 0.030 हे0 में से रकबा 4360 वर्गफुट नजूल भूमि आवेदक के नाम पर व्यवस्थापन पर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हतु कलेक्टर महोदय जशपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि को व्यस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक 25.04.2023 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।


तहसीलदार,
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ0ग0)

## चिंतन

# कौशल व दक्षता आधारित शिक्षा भविष्य की जरूरत

राष्ट्र निर्माण, समाज निर्माण और व्यक्तित्व निर्माण में सबसे अहम भूमिका शिक्षा की है। शिक्षित व्यक्ति ही विवेकशील व तर्कपूर्ण समाज का निर्माण करता है। शिक्षा जहां मानव का समग्र विकास करती है, वहीं वह वक्त व बाजार की जरूरत के अनुरूप दक्ष भी बनाती है। जैसे-जैसे विकासक्रम बदलता है, वैसे-वैसे शिक्षा का पैटर्न भी बदलता है। आज 21वीं सदी में विश्व की जरूरत बदल रही है, ऐसे में इस बदलाव के अनुरूप ही शिक्षा में भी परिवर्तन होना चाहिए। आज के युग में परंपरागत डिग्री बहुत उपयोगी नहीं रह गई है, बल्कि स्किल बेस्ड शिक्षा अधिक उपयोगी हो गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जी-20 कार्य समूह की बैठक से पहले कहा है कि 'डिग्री' के बजाय कौशल और दक्षता भविष्य को संचालित करेगी तथा नवाचार एवं प्रौद्योगिकी के चलते पुरानी नौकरियां खत्म होनी शुरू हो गई हैं और नई नौकरियां सृजित हो रही हैं। मानव बुद्धिमत्ता की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के साथ निरंतर प्रतिस्पर्धा का दौर शुरू हो गया है। मौजूदा युग डिजिटल क्रांति का है, इसलिए शिक्षा के पैटर्न में भी डिजिटल स्किल को समावेश करने की आवश्यकता है। अभी अगर बाजार को देखें, तो डिजिटल क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है, सभी क्षेत्र की कार्यप्रणाली को डिजिटल सिस्टम बदल रहा है। चालू सदी डिजिटेक, बायोटेक व नैनो टेक की है, इसलिए शिक्षा भी इन क्षेत्रों के अनुरूप होनी चाहिए। डिजिटल क्रांति ने दिखाया है कि अब ट्रेडिशनल डिग्री की उतनी अहमियत नहीं है, अगर कार्यबल स्किल्ड है। आज आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (मशीन लर्निंग), आईओटी, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, एमएस एक्सेल, डिजिटल मार्केटिंग आदि ऐसे स्किल बेस्ड लर्निंग हैं, जिसमें दक्षता हासिल करना किसी भी ट्रेडिशनल डिग्री की अपेक्षा अधिक रोजगारोन्मुखी है। नवाचार और नई प्रौद्योगिकी के चलते नई नौकरियां उभरती जाएंगी, इसलिए कार्यबल को लगातार कौशल प्रदान करने, दोबारा कौशल प्रदान करने और अतिरिक्त कौशल बढ़ाने की जरूरत है। यह रास्ता स्किल बेस्ड शिक्षा से ही निकलेगा। अपने प्रतिभा, बाजार एवं संसाधनों के एक नैसर्गिक केंद्र के रूप में भारत 21वीं सदी की वैश्विक आकांक्षाओं को पूरा करने में एक अहम भूमिका निभा सकता है। इंटरनेट और वैश्विक कनेक्टिविटी ने हमें वैश्विक जरूरतों के बारे में सोचने का एक अवसर दिया है। जी-20 सम्मेलन भारत के लिए एक मौका है, जिसमें वह अपनी मानव संसाधन क्षमता को संप्रेषित कर सकता है। आज भारत को अपने विशाल उच्च शिक्षा संसाधनों का इस्तेमाल परंपरागत डिग्री के बजाय स्किल आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए करना चाहिए। भारत में कौशलयुक्त व दक्ष कार्यबल का वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता है। सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश बनने के बाद सरकार पर महती जिम्मेदारी है कि वह भारत के कार्यबल का अधिक से अधिक सदुपयोग करे। इसके लिए भारत चीन से सीख सकता है। चीन ने अपने 95 फीसदी कार्यबल का सदुपयोग राष्ट्र निर्माण व वेल्थ क्रिएशन में किया है। आने वाले कुछेक दशक में भारत के पास सबसे अधिक युवा कार्यबल होगा, जबकि चीन इस मामले में पिछड़ जाएगा, इसलिए भारत को अपने कार्यबल को मौजूदा जरूरत के मुताबिक अधिक शिक्षित, प्रशिक्षित, कौशल व दक्ष बनाते रहने के लिए सतत एजुकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर व शैक्षिक तंत्र का निर्माण करना चाहिए।

# गांव के विकास में एक 'नया अध्याय'



**पंचायती राज दिवस**
नरेंद्र सिंह तोमर

> पंचायती राज संस्थाओं के अथक परिश्रम के बल पर हम ग्रामीण स्तर पर सतत विकास लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में तेजी से अग्रसर हुए हैं। इसमें गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका युक्त गांव, स्वथ्य गांव, बाल हितैषी गांव, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर अधोसंरचना से युक्त गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासित गांव एवं महिला हितैषी गांव बनाने का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। भारत सरकार के 21 संबद्ध मंत्रालयों के 26 विभागों के साथ ही राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से पंचायती राज संस्थाएं इस लक्ष्य को समय से पूर्व प्राप्त करने की दिशा में तेजी से चल पड़ी हैं।

राष्ट्र का चतुर्दिक विकास, सर्ववर्ग का कल्याण और वैश्विक स्तर पर भारत का मान, यह एक ऐसी त्रिवेणी है जो आजादी के इस अमृतकाल में हमें भारत भूमि पर फूटती दिखाई दे रही है। यह भारत उत्थान का एक नया अध्याय है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में आजादी के इस अमृतकाल में लिखा जा रहा है। वस्तुतः देखा जाए तो विगत 9 वर्ष मोदी जी के नेतृत्व में भारत के उत्कर्ष, नव उदय और उत्थान के वे स्वर्णिम अध्याय हैं जो भविष्य के आत्म निर्भर भारत की बुनियाद बन रहे हैं। स्वतंत्रता के 75 वर्ष के बाद के आगामी 25 वर्ष के समय को 'अमृत काल' की संज्ञा दी गई है। इस अमृतकाल में हमारी पंचायती राज व्यवस्थाओं का भी सशक्तिकरण इस प्रभाव के साथ हुआ है कि लोकतंत्र की सबसे जमीनी इकाई हमारी 'ग्राम पंचायतें' आज सबसे सशक्त संस्था के रूप में उभरते हुए ग्रामीणों को आर्थिक विकास और सामाजिक न्यााय प्रदान करने के साथ ही सेवा प्रदाता के रूप में भी अपनी बेहतर भूमिका निभा रही हैं।

24 अप्रैल 2023 को हम त्रिस्तारीय पंचायती राज व्यवस्था के लागू होने की 30 वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं। यह तीन दशक पंचायती राज व्यवस्था के लिए कई मायनों में महत्पूर्ण रहे हैं। विगत 9 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने यह प्रयास किया है कि ग्राम स्वराज की अवधारणा को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए 3 एफ-फंड (निधि), फंक्शन (कार्य) और फंक्शनरी (पदाधिकारी) का सीधा हस्तांतरण पंचायत स्तर पर करके उन्हें एक सशक्त स्वायत्त शासी संस्था के रूप में विकसित किया जाए।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 तक अधिक समानतावादी, अधिक संपन्न और अधिक संरक्षित विश्व बनाने के लिए 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पूरी दुनिया में हासिल करने का संकल्प लिया है। भारत भी इस संकल्प में एक हस्ताक्षरकर्ता है। चूंकि भारत की लगभग 68 फीसदी आबादी गांवों मे निवास करती है, इसलिए यह आवश्यक है कि हम ग्रामीण स्तर पर एसडीजी को प्राप्त करना सुनिश्चित करें। पंचायती राज संस्थाओं के अथक परिश्रम के बल पर हम ग्रामीण स्तर पर सतत विकास लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में तेजी से अग्रसर हुए हैं। इसमें गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका युक्त गांव, स्वथ्य गांव, बाल हितैषी गांव, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर अधोसंरचना से युक्त गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासित गांव एवं महिला हितैषी गांव बनाने का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। भारत सरकार के 21 संबद्ध मंत्रालयों के 26 विभागों के साथ ही राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से पंचायती राज संस्थाएं इस लक्ष्य को समय से पूर्ण प्राप्त करने की दिशा में तेजी से चल पड़ी हैं। अमृतकाल में उठाया गया यह कदम ऐतिहासिक है और इसके परिणाम गांवों के विकास में एक नया अध्याअय लिखेंगे। 24 अप्रैल 2020 को प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर स्वामित्य योजना का शुभारंभ किया था। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा, राज्यों के राजस्व विभाग और सर्वे ऑफ इंडिया के सहयोग से संचालित यह योजना ग्रामीण क्षेत्र में एक ऐतिहासिक बदलाव लाने वाली योजना है। ड्रोन के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्र के हर घर का नक्शा



तैयार किया जा रहा है। अब तक गांवों में रहने वाले लोगों के पास उनके मकानों के मालिकाना हक का कोई दस्तावेज नहीं था। स्वामित्व योजना के माध्यम दे दिया जा रहा संपत्ति कार्ड ग्रामीणों को 'अभिलेख का अधिकार' प्रदान करता है। अब तक देश में सवा करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार होने की उपलब्धि पर 24 अप्रैल 2024 को रीवा में प्रधानमंत्री जी मध्यप्रदेश के 9 लाख ग्रामीण परिवारों को संपत्ति कार्ड प्रदान करेंगे।

प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता से इसी दिशा में कृषि मंत्रालय 2019 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में प्रतिवर्ष 6 हजार रुपए तीन किस्तों में किसानों को प्रदान कर रहा है। अब तक देश के लगभग 11 करोड़ किसानों को 2.40 लाख करोड़ रुपए से अधिक प्रदान किए गए हैं। प्रधानमंत्री जी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। मिलेट यानि श्रीअन्न (मोटा अनाज) अत्यधिक पौष्टिक है। श्री अन्न की खेती छोटे एवं मझोले किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का भी एक बड़ा साधन बनेगी। कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान सहित कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का कुल बजट इस बार लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपए का है। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के लिए 60 हजार करोड़ रु., किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए 23 हजार करोड़ रु., डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन को बढ़ावा देने के लिए 450 करोड़ रु. तथा टेक्नोलॉजी द्वारा कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के संबंध में लगभग 600 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। प्राकृतिक खेती के लिए इस साल बजट में 459 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। आगामी 3 वर्षों में देश के 1 करोड़ किसानों को सहायता प्रदान की जाएगी। छोटे-मझौले किसानों को एफपीओ के जरिए संगठित करते हुए उन्हें खेती-किसानी से संबंधित सभी सुविधाएं मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए 10 हजार नए एफपीओ बनाए जा रहे हैं। ग्राम पंचायतें अपनी ग्राम पंचायत विकास योजना में एफपीओ के गठन का लक्ष्य रखकर कृषि विभाग के साथ समन्वय से किसानों के कल्यााण में यह कार्य कर रही हैं।

विगत 9 वर्षों में ग्रामीण भारत के परिदृश्य में अभूतपूर्व सकारात्मक परिवर्तन दृष्टिगोचर हुआ है। कई गांव आज अपने सुनियोजित विकास के बल पर शहरों से टक्कर लेने की स्थिति में आने लगे हैं। जो सड़कें गांव से शहर की ओर जाती थीं, आज वे शहरों से गांव की ओर भी लौट रही हैं। प्रधानमंत्री जी का संकल्प था हर गरीब का अपना पक्काा मकान हो। अब तक लगभग 3 करोड़ ग्रामीण परिवारों को अपनी छत दिलाने का संकल्प पूर्ण हो चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना को और तेज गति देते हुए इस साल इसका बजट करीब 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79 हजार करोड़ रु. किया गया है।

प्रधानमंत्री जी ने पिछले साल राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस (24 अप्रैल 2022) को अमृत सरोवर योजना का शुभारंभ किया था। एक वर्ष में इस दिशा में भगीरथी प्रयास पंचायतों एवं अन्य हितधारकों के द्वारा किए गए और परिणामस्वरूप अब तक लगभग 40 हजार अमृत सरोवर देशभर में बन कर तैयार हो गए हैं, जो कि लक्ष्य का 80 प्रतिशत है।

'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना के साथ प्रधानमंत्री मोदी आत्मनिर्भरता से युक्त एक ऐसे राष्ट्र का पुनर्निर्माण कर रहे हैं जहां सभी के लिए समान अवसर हों। अमृतकाल में सशक्त होती हमारी पंचायती राज व्यवस्था इस बात का प्रमाण है कि शक्तियों का हस्तांतरण जमीनी स्तर पर किया गया है और केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में पंचायतों ने भी पूर्ण पारदर्शिता और प्रभाव के साथ गांवों के विकास में अपनी गंभीरता दिखाई है।

(लेखक केंद्रीय कृषिमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

## दिवस विशेष

डॉ. अशोक कुमार जायसवाल



# पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र का आधार

पंचायती राज व्यवस्था के इतिहास का उल्लेख आजादी के इस अमृत काल से लगभग 4000 ई. पूर्व भारत के वेदों, ग्रन्थों एवं काव्यों में मिलता है। भारत में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का सजीव एवं साकार स्वरूप पंचायती राज व्यवस्था स्वंतत्रता के पश्चात ही दृष्टि गोचर हुआ। पंचायतीराज की परिकल्पना, स्वरूप एवं उसके माध्यम से ग्रामीण विकास की अवधारणा वैदिक काल से भी पूर्व की है। वैदिक काल में तत्कालीन राजा पंचायतों के माध्यम से राज कार्य का दायित्व निर्वहन करते रहे। इस दौरान ग्राम का प्रमुख ग्रामीण होता था जो पंचायतों का प्रमुख था। बौद्ध काल में ग्राम परिषदों की स्थापना की गई, मौर्यकाल में पंचायतों का कार्य क्षेत्र विस्तृत हो गया, गुप्त काल में ग्रामसभा का प्रमुख ग्रामीण होता था, राजपूत काल में पंचायतों का महत्व घट गया और सामन्तों का अधिकार एवं सत्ता आ गई, मध्यकाल के दौरान राज्य की सबसे छोटी ईकाई गांव थी, मुगलकाल में गांव प्रशासन की सबसे छोटी इकाई थी, दसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में दक्षिण में पंचायतें पूर्ण अस्तित्व में थीं। ब्रिटिश शासनकाल में भारत की शासन प्रणाली को तहस-नहस करने में सर्वप्रथम पंचायत व्यवस्था को चुना गया, परन्तु यह शासन प्रणाली टूटी नहीं और उसका स्वरूप बिरादरी ने ले लिया अंग्रेजों ने पंचायत के महत्व को समझा और 1920 ईसवी में सभी प्रान्तों में पंचायत अधिनियम पारित कर उसे सीमित अधिकार के साथ क्रियान्वित किया। ब्रिटिश सरकार द्वारा विक्रेन्द्रीकरण के लिए रॉयल समिति का गठन किया।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 25 वें अधीवेशन 1910 के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं ने ब्रिटिश सरकार से पंचायतों की स्थापना की मांग रखी। ब्रिटिश सरकार द्वारा भारतीय नेताओं के दबाव में आकर विभिन्न प्रान्तों में पंचायतों के अधिकार को लागू किया यथा-बंगाल स्थानीय सरकार अधिनियम 1919, मद्रास स्थानीय सरकार अधिनियम 1920, बंबई पंचायत अधिनियम 1920, उत्तरप्रदेश पंचायत अधिनियम 1920, बिहार स्व-सरकार अधिनियम 1920, सी.पी. पंचायत अधिनियम 1920, पंजाब पंचायत अधिनियम 1922, असम स्व-सरकार अधिनियम 1925, मैसूर पंचायत अधिनियम 1928, लाल, बाल, पाल, सुभाषचन्द्र बोस, दादाभाई नौरोजी, महात्मा-गांधी ने पंचायतों के गठन एवं ग्राम विकास के लिए विभिन्न आंदोलन किए। रविन्द्रनाथ टैगोर ने 1920 ई. में शांति निकेतन में ग्रामीण सुधार की दिशा में ग्रामीण विकास एवं बाल शिक्षा प्रारंभ की, महात्मा गांधी नें 1932 में सेवा ग्राम से ग्रामीणों के स्वालंबन के लिए योजनाओं का सूत्रपात किया। राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों में पंचायतीराज की अवधारणा बहुत महत्वपूर्ण है संविधान का अनुच्छेद 40 "राज्य पंचायतों के स्थापना के लिए आवश्यक कदम उठाएगा और उन्हे ऐसी शक्तियां एवं अधिकार प्रदान करेगा जो उन्हें स्वायत शासन की इकाई के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्ययक है।


भारत में लोकतांत्रिक विक्रेन्द्रीकरण की दिशा में पंचायतीराज की स्थापना एवं सामुदायिक विकास की शुरूआत 1952 में 02 अक्टूबर से प्रारंभ की गई, 2 अक्टूबर 1959 को भारत के प्रधानमंत्री पंड़ित नेहरू ने राजस्थान के नागौर जिले में पंचायती राज का उद्घाटन कर ग्रामीण विकास के प्रथम चरण की शुरूआत की। 11 अक्टूबर 1959 को पंड़ित नेहरू नें आंध्रप्रदेश में इसका सूत्रपात किया। आंध्रप्रदेश में यह त्रिस्तरीय पंचायतीराज प्रणाली थी, इसके बाद 1960 में असम, मद्रास कर्नाटक सन 1962 में महाराष्ट्र, सन 1964 में पश्चिम बंगाल और इसके बाद दूसरे राज्यों में प्रारंभ हुआ। आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय की स्थापना तथा स्थानीय प्रशासन को उत्कृष्ट बनाएं रखने के लिए 1957 में बलवंत राय मेहता समिति गठित की गई। बलवंत राय मेहता समिति की सिफारिश को और प्रभावी बनाने के लिए अशोक मेहता समिति, राव समिति एवं सिघवीं समिति का गठन किया।

वर्ष 1989 में भारत सरकार ने संविधान के भाग-09 में पंचायतों को शामिल करने के लिए लोकसभा में 64 वें संविधान संशोधन विधेयक को प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जो पारित नहीं किया गया। प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव ने 1991 में 72वें संशोधन को पेश किया, जिसे 22 दिसंबर 1992 को स्वीकृति दी गयी, 23 दिसंबर 1992 को राज्यसभा ने इस संशोधन विधेयक को स्वीकृति प्रदान की तत्पश्चात 17 राज्यों की विधान सभाओं ने इस विधेयक का समर्थन किया। पंचायतीराज आधुनिक भारत में 24 अप्रैल 1993 को लागू हुआ 73वां संविधान संशोधन आधुनिक भारत के इतिहास में मिल का पत्थर है, प्रदेश के 27 जिला पंचायतों, 146 जनपद पंचायतों एवं 11656 ग्राम पंचायतों में बसे ग्रामीण परिवार तेजी से विकास के नये कीर्तिमान गढ़ रहे है, इसके लिए प्रदेश सरकार के साथ मिलकर पंचायतों ने कड़ी मेहनत की है। 73वें संविधान संशोधन के 03 वर्ष पश्चात अनुसूचित क्षेत्रें में पंचायतों का विस्तार अधिनियम 1996 लागू किया गया। प्रदेश की लगभग 50 प्रतिशत पंचायत अनुसूचित क्षेत्रें में आती है।


ई–गवर्नेस के द्वारा पंचायतों को सशक्त करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को देश में वर्ष 2019, वर्ष 2020, वर्ष 2021 में लगातार द्वितीय ई–पंचायत पुरस्कार से भारत सरकार द्वारा नवाजा गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश में ई–पंचायत की उपलब्धियों के अंतर्गत डिजिटल हस्ताक्षर द्वारा ऑनलाइन भुगतान के लिए प्रदेश के सभी 11656 ग्राम पंचायत के संरपच एवं सचिवों को जोड़ा गया है। ई–ग्रामस्वराज मोबाइल एप्प द्वारा कार्य आधारित लेखाकंन का संपूर्ण विवरण ई–ग्रामस्वराज पोर्टल पर ऑनलाइन जनसामान्य हेतु उपलब्ध किया गया है। लोकल गवर्नमेंट डायरेक्टरी द्वारा प्रदेश के समस्त 20588 ग्रामों को एल.जी.डी. कोड द्वारा सॉफ्टवेयर के माध्यम से जोड़ा गया है, इस डायरेक्टरी से ई–पंचायत के समस्त अनुप्रयोगों को देखा जा सकता है।

*-ठाकुर प्यारेलाल, राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान संकाय सदस्य (पंचायती राज) निमोरा, रायपुर (छ.ग.)*

## मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके।



संकलित

**दर्शन**

## सफलता मिले तो अहंकार न करें




रामायण और महाभारत में परशुराम का जिक्र है। रामायण में परशुराम जी और श्रीराम की भेंट हुई थी, उस समय परशुराम गुस्से में थे और श्रीराम ने उनका गुस्सा शांत किया था। रामायण में सीता जी कार हो रहा था। स्वयंवर शर्त पूरी करने के लिए श्रीराम ने धनुष उठाया और उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तभी धनुष टूट गया। इसके बाद स्वयंवर में परशुराम जी पहुंच गए। परशुराम जी को देखकर स्वयंवर में मौजूद सभी राजा डर गए।परशुराम जी ने देखा कि धनुष टूटा हुआ है तो वे गुस्सा हो गए और उन्होंने घोषणा कर दी कि जिस व्यक्ति ने ये धनुष तोड़ा है, मैं उसे जीवित नहीं छोड़ूंगा। स्वयंवर में बैठे हुए राजा आपस में बातें करने लगे कि अब ये दो राजकुमार (राम और लक्ष्मण) नहीं बचेंगे। परशुराम को गुस्से में देखकर लक्ष्मण आगे आए। लक्ष्मण भी गुस्सा हो गए। दोनों की बहस होने लगी। तब श्रीराम ने दोनों की शांत किया। परशुराम जी से सभी डरते थे। पूरा दरबार मौन था। परशुराम जी ने श्रीराम से कहा कि अगर तुम इतने समर्थ हो तो मेरे शस्त्रों को चला कर बताओ। परशुराम जी कुछ और कहते इससे पहले ही उनका फरसा और धनुष खुद ही श्रीराम के पास पहुंच गए। श्रीराम का शांत स्वभाव और उनके पास अपने धनुष-फरसे को देखकर परशुराम समझ गए कि राम अवतार हो चुका है। अब मेरे अधूरे काम राम पूरे करेंगे, अधर्म का नाश करके, धर्म की स्थापना करेंगे। इस घटना के बाद परशुराम बिल्कुल शांत हो गए और वहां से चले गए।



संकलित

**प्रेरणा**

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जनसंख्या वृद्धि को रोकें

इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जा सकता है कि देश जून 2023 में जनसंख्या के मामले में चीन को पछाड़ कर उससे आगे हो सकता है, यानी भारत दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन सकता है। जनसंख्या की बढ़ोतरी के लिए क्या जनता को ही दोषी ठहराया जा सकता है? या फिर जनता और सरकार दोनों को? ऐसा लगता है कि जनता और आती-जाती सरकारें दोनों को ही दोषी ठहराया जा सकता है। देश की आजादी के कुछ साल बाद परिवार नियोजन पर सरकार ने तवज्जो देना शुरू किया और देश इसमें सफलता की सीढ़ियां चढ़ता रहा। एमरजेंसी के दौरान भी परिवार नियोजन जोरों से चलता रहा, लेकिन कुछ ज्यादतियां होने की शिकायतों की वजह से रफ्तार धीमी पड़ गई। अब अनिवार्य रूप से जनसंख्या वृद्धि को रोकना होगा। *– पीयुष गोयल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### खिलाड़ियों को माहौल देंगे



खेलो इंडिया के 5 साल पूरे होने के मौके पर हम खेल प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच देने में इस पहल द्वारा निभाई गई भूमिका को स्वीकार करते हैं। हमारी सरकार भारत में खेलों के फलने-फूलने के लिए आदर्श माहौल तैयार करना जारी रखेगी।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### चेतना की शक्ति



एक उल्लेखनीय संत जो भक्ति के प्रकाश से जीते थे। अपनी निःस्वार्थ भक्ति और स्पष्ट ज्ञान के माध्यम से, बसव मानव चेतना की शक्ति के प्रकाश स्तंभ के रूप में खड़े हैं।

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

# आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग मिलेगा। खासकर कि आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे आपसे खुश रहेंगे। आज आप किसी नए काम को शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं, इस बात को लेकर आप अपने परिवार में भी बात करेंगे, परिवार के लोग आपका सपोर्ट करेंगे।

वृष राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको वह मिलेगा जिसकी इच्छा आपको कई दिनों से थी आज आपका कोई बिगड़ता हुआ काम बन जाने से काम में निरंतरता बनी रहेगी, इससे आपको भविष्य में अच्छे लाभ के योग हैं। आज आप माता-पिता के साथ कही घूमने का प्लान बनाएंगे, आपके अंदर उत्साह देखने को मिलेगा।

मिथुन राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज के दिन आप किसी की सेवा करके पुण्य कमाएंगे। आज आपका दिन व्यस्तता से भरा हो सकता है लेकिन शाम का समय आप शांति से बिताने के लिए किसी शांत जगह पर जाएंगे। आज किसी व्यक्ति से लिया उधार आप चुका देंगे जिससे आपकी टेंशन कम होगी।

कर्क राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप जिस भी काम की शुरूआत करेंगे उसे समय से पूरा कर लेंगे, आपके जूनियर आपकी कार्यकुशलता से कुछ नया सीखेंगे। स्टूडेंट का मन पढ़ाई में लगा रहेगा। इस राशि के जो लोग बिजनेस स्टार्ट करना चाहते हैं, वो पहले किसी एक्सपर्ट से राय लेंगे तो भविष्य में अच्छा लाभ होगा। आपका कोई पुराना मित्र आपसे मिलने भी आ सकता है।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आज आप कुछ नया सामान खरीदने मार्केट जा सकते है। आज आपका मन किसी नए काम को करने को लेकर उत्साहित रहेगा। किसी भी काम को करने से पहले रूप रेखा तैयार करने से कार्यों को पूरा करने में आपको काफी आसानी होगी। ऑफिस में आज आपके अच्छे और मेहनती कामों की वजह से आपकी तारीफ होगी। छात्र अपनी पढ़ाई में व्यस्त रहेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज शाम आप माता-पिता के साथ बैठकर भविष्य की कोई योजना बनाएंगे। आज आप जिस भी काम की शुरूआत करेंगे वह समय से पूरा हो जाएगा, आप काम करने के नए तरीकों पर विचार अपने सहयोगियों के साथ करेंगे। पिताजी आपको कोई महत्वपूर्ण काम करने को कहेंगे, आप उस काम को पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा करेंगे आपके पिता जी को आप पर गर्व महसूस होगा।

तुला राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी से भी सहायता की उम्मीद ना रखकर खुद ही अपने काम निपटाने की कोशिश करेंगे, इससे आपको बेहतर नतीजे हासिल होंगे। आपकी बेहतरीन विचार शैली और दिनचर्या आपके व्यक्तित्व में और अधिक निखार लाएगा। किसी भी तरह का व्यवसायिक निवेश करने से पहले किसी एक्सपर्ट से सलाह जरूए ले लें।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज पारिवारिक जीवन में चल रहा कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है, अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिए बनाई योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में परिवार वालों की मदद भी मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे। आज आपके स्वभाव में संयम और धीरज बना रहेगा, जिसके कारण आप अपनी सभी समस्याओं का हल आसानी से ढूंढ लेंगे। परिवार के किसी काम के लिए यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है।

धनु राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका मन कोई नया काम करने में लगेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी से प्यार और सहयोग मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज कोई नई इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीद सकते हो। आज बिना वजह विवादों में फंसने से बचें। लकड़ी से जुड़ा व्यापार कर रहे लोगों को आज उम्मीद से अधिक मुनाफा होने वाला है।

कुंभ राशि- आज का दिन ठीकझठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज ऑफिस में पुराने कामकाज निपटाने में सफल रहेंगे। आज रुठे हुए साथी को मनाने के लिए उसे मनपसंद गिफ्ट दे सकते हैं। आज कोई भी फैसला करने से पहले सोचझविचार कर लें। किसी काम में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। दांपत्य जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी। दोस्तों के साथ पार्टी करने का मन बनाएंगे। लवमेट्स से आज आपको मन पसंद उपहार मिल सकता है।


मीन राशि- आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप जिस भी व्यक्ति से मिलेंगे वह आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह सॉल्व भी हो जाएगी। आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा। बच्चों के साथ बाहर घूमने का प्लान बनेगा। दांपत्य जीवन में पहले से चल रही अनबन आपके पहल करने से समाप्त हो जाएगी। आज अपने खर्चों को कंट्रोल करें, ताकि आगे के लिए आप कुछ पैसा जोड़ पाएं।

स्वास्थ्य

# कहीं आपको हाइपर एसिडिटी तो नहीं!

गेहूं या जौ के आटे की बनी चपातियां ही खाएं, क्योंकि यह पाचन संबंधी समस्या पैदा नहीं करती, ना ही इससे गैस बनने जैसी समस्या होती है। बल्कि यह आपकी पाचनक्रिया को बेहतर करेगी।

जब गलत खानपान और अपच के कारण पेट में पित्त के विकृत होने पर अम्ल की अधिकता हो जाती है, तो उसे अम्लपित्त कहते हैं। यही अम्लपित्त हाईपर एसिडिटी कहलाता है। आइए जानते हैं, इसके कारण, लक्षण और इससे बचने के उपाय...





**लक्षणः-**
भोजन का पाचन नहीं होना, बगैर किसी मेहनत के ज्यादा थकावट होना, कड़वी या खट्टी डकार आना, शरीर में भारीपन, हृदय के पास या पेट में जलन होना, कभी-कभी उल्टी होना, उल्टी में अम्ल या खट्टे पदार्थ का निकलना, मिचली होना और मुंह से खट्टा पानी आना, सिरदर्द, आंखों में जलन, जीभ का लाल होना जैसे लक्षण हाइपर एसिडिटी में सामने आते हैं।
हाइपर एसिडिटी की समस्या से बचने के लिए आप घर पर ही कुछ उपाय और सावधानियां अपना सकते हैं जिससे आपको यह समस्या न हो...

-मूंग की दाल, लौकी, तरोई, परवल, गिलकी, टिंडे, कद्दू जैसी सब्जियों को अनदेखा बिल्कुल न करें। यह आपके पाचन तंत्र को स्वस्थ बनाए रखती है, और हाइपर एसिडिटी से आपको बचाती है।
-फलों में पपीता, मौसंबी, अनार आदि को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। इसके अलावा नारियल और नारियल पानी का भी भरपूर सेवन करें।
-मुनक्का, आंवले का मुरब्बा, कच्चा आंवला भी खाना बेहतर होगा।
-अनार और आंवले के अलावा, खट्टी चीजों का अत्यधिक सेवन करने से बचें। इससे एसिडिटी बढ़ सकती है।
-नींबू और टमाटर जैसी चीजों को भी नियंत्रित करें, इनके प्रयोग से आपकी यह समस्या बढ़ने में मदद मिलती है।
-अत्यधिक गर्म, तीखा व मसालेदार भोजन करने से बचें। भारी खाद्य पदार्थों को भी खाने से बचें, ये आसानी से नहीं पचते जिससे आपकी समस्या कम होने के बजाए बढ़ जाती है।
-दही और छाछ का ज्यादा सेवन न करें और उड़द की दाल की बनी चीजों व शराब या अन्य नशीले पदार्थों से दूरी बनाए रखें।
-हल्का व आसानी से जल्दी पचने वाला भोजन ही करें, अन्यथा आपको बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।
-गुलकंद व गुलाब से बनी चीजों का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि यह आपके पेट में जाकर ठंडक पैदा करता है, जिससे एसिडिटी में राहत मिलती है।





## हाइपर एसिडिटी के कारण



**अत्यधिक गर्म, तीखा, मसालेदार भोजन करने, अत्यधिक खट्टी चीजों का सेवन, नशीले पदार्थों का सेवन करने से हाइपर एसडिटी की समस्या पैदा होती है। भोजन को पचने के लिए पर्याप्त समय न देना और अपच के बावजूद खाते रहना, आपकी इस समस्या को बढ़ा सकता है।**

# खाली पेट एलोवेरा जूस पीना होता है बहुत फायदेमंद

एलोवेरा त्वचा संबंधी समस्याएं दूर करने के लिए तो बखूबी जाना जाता है। बहुत से लोग एलोवरा को एक साधारण सा पौधा समझ कर इसके गुणों को हल्के में ले लेते हैं। लेकिन एलोवेरा में कुछ ऐसे खास तत्व मौजूद होते हैं, जिनसे मोटापे से लेकर रक्तचाप और जोड़ों में दर्द आदि की समस्याएं भी नियंत्रित की जा सकती हैं। अगर आप एलोवेरा का पौधा घर पर ही लगाएं और उसके जूस को रोजाना खाली पेट पीएं तो इससे कुछ बीमारियां आपके आस पास भी नहीं भटकेंगी। एलोवेरा खनिज, विटामिन, जस्ता, तांबा, क्रोमियम मैग्नीशियम अमीनो एसिड समेत लगभग 80 प्रकार के पोषक तत्वों से भरपूर है। यही कारण है कि आज देश भर में लोग भरोसे के साथ ऐलोवेरा से बने ब्यूटी प्रोडक्ट्स और कई खाद्य पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। खाली पेट एलोवेरा का जूस आपको न सिर्फ त्वचा संबंधी रोगों से लड़ने में मदद करता है बल्कि पाचन तंत्र और इम्यून सिस्टम को भी मजबूती प्रदान करता है।



महिलाओं में पीरियड्स के समय हार्मोन का संतुलन सामान्य नहीं रहता। इस स्थिति में हार्मोन या तो काफी बढ़ जाते हैं या फिर एकदम से घटने लगते हैं। ऐसे समय में एलोवेरा के जूस का सेवन आपके हार्मोन्स को संतुलित करने में आपकी मदद करता है। इस बात का ध्यान रखें कि एलोवेरा जूस घर पर ही बनाएं क्योंकि बाजार में मिलने वाले जूस में अक्सर कई प्रिजर्वेटिव्स की मिलावट की जाती है। शरीर में उर्जा के संचार का स्त्रोत ब्लड शुगर या फिर ग्लूकोज होता है। शरीर में ब्लड शुगर का स्तर कम या ज्यादा होने से आप कई बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। शरीर में सामान्य ब्लड शुगर का स्तर कम से कम 80 और ज्यादा से ज्यादा 110 मिग्रा ही होना चाहिए। कई लोगों में यह अक्सर असंतुलित रहता है। उन्हें खास तौर पर सुबह खाली पेट फ्रेश ऐलोवेरा जूस का सेवन करना चाहिए। यह आपके शरीर के ब्लड शुगर को सुधारने में काफी सहायक है।
खाली पेट एलोवेरा जूस पीने से आपकी शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों का सफाया होता है। खाने-पीने की चीजों के द्वारा हमारे शरीर में पोषक तत्व तो पहुंचते ही हैं, लेकिन साथ में कई अवांछित और विषैले तत्व भी पहुंच जाते हैं। सुबह खाली पेट एलोवेरा जूस के सेवन से न सिर्फ आपकी शरीर से टॉक्सिन्स का सफाया होगा बल्कि यह आपकी त्वचा के लिए भी किसी रामबाण से कम नहीं है। खासतौर पर यह सोरायसिस (त्वचा की बीमारी) और मुहांसों के लिए बहुत फायदेमंद है।
फ्रेश एलोवेरा जूस में एंटी ऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। यदि आप रोज सुबह इस जूस का सेवन करते हैं तो जुकाम, किसी प्रकार का संक्रमण आदि जैसी समस्याएं आपसे कोसों दूर रहेंगी। साथ ही आप बड़ी बीमारियों से भी लड़ने के लिए सक्षम बन जाएंगे। इसमें मौजूद ऐंटी ऑक्सिडेंट आपके लिए अन्य कई मायनों में भी मददगार हैं।



# इस मौसम में काली मिर्च के फायदे

सर्दी के मौसम में खान-पान में थोड़ी-सी भी लापरवाही कई बार बड़ी समस्या का सबब बन जाती है। सर्दी-जुकाम तो आम बात है। ऐसे में आपकी रसोई में उपलब्ध काली मिर्च बड़े काम की साबित होगी। आइए जानें, इस मौसम में काली मिर्च के फायदे।
आप सर्दी-जुकाम से परेशान हैं तो काली मिर्च को गर्म दूध में मिला कर लें। बार-बार जुकाम होता है तो 15 दिन तक एक-एक काली मिर्च बढ़ाते हुए उसका सेवन करें। उसके बाद 15 दिन तक एक-एक घटाते हुए लें। इससे बार-बार होने वाली जुकाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा।
कफ बनता है तो एक चम्मच शहद में 2-3 बारीक कुटी काली मिर्च के साथ एक चुटकी हल्दी मिला कर उसका सेवन करें। अगर आप लगातार खांसी से परेशान हैं तो काली मिर्च के 4-5 दानों के साथ किशमिश के 15 दाने चबाने से आराम मिलेगा।
अगर गला बैठ गया है और गले से खरखराहट भरी आवाज निकल रही है तो काली मिर्च को घी व मिश्री के साथ मिला कर खाएं। गला ठीक हो जाएगा। फेफड़े और सांस नलियों में संक्रमण है तो काली मिर्च और पुदीने की चाय का सेवन कर सकते हैं। खांसी से परेशान हैं तो काली मिर्च के पाउडर को गुड़ में मिला कर उसकी गोलियां बना कर सेवन करें। जल्दी आराम मिलेगा।
पेट में गैस की समस्या है तो एक कप पानी में आधा नीबू का रस, आधा चम्मच काली मिर्च का पाउडर व आधा चम्मच काला नमक मिला कर पिएं। उल्टी-दस्त होने पर काली मिर्च का सेवन फायदेमंद है। इसके लिए काली मिर्च, हींग व कपूर को पांच-पांच ग्राम लेकर मिला लें। उसके बाद राई के बराबर छोटी-छोटी गोलियां बना लें। इन गोलियों का हर 3 घंटे बाद सेवन करें।
पेट में कीड़ों की समस्या है, तो काली मिर्च को किशमिश के साथ 2-3 बार चबा कर खा जाएं। एक गिलास छाछ में थोड़ी-सा काली मिर्च का पाउडर मिला कर पीने से भी पेट के कीड़े मर जाते हैं। बदहजमी होने पर कटे हुए नीबू का आधा टुकड़ा लें, बीज निकाल लें। इसमें काला नमक व काली मिर्च भर कर गर्म करके चूसें।
काली मिर्च उनके लिए भी बहुत उपयोगी है, जिनकी आंखें कमजोर हैं। काली मिर्च को पीस कर उसके पाउडर को देशी घी के साथ मिला कर खाने से आंखों की रोशनी बढ़ती है। दांतों में होने वाले रोग पायरिया से परेशान हैं और दांत कमजोर हैं तो काली मिर्च को नमक के साथ मिला कर दांतों पर लगाएं। याददाश्त कमजोर है तो काली मिर्च को शहद में मिला कर खाएं।






# अपने भोजन में शामिल कीजिये फूलगोभी

हमारे देश में फूलगोभी की भरपूर पैदाइश होती है। इस मौसम में बाजारों में आसानी से मिल जाने वाली यह सब्जी अपने आप में ढेर सारे गुणों को समेटे हुए है। आइये जानते हैं कि इस मौसम में फूलगोभी हमारी सेहत और तंदुरुस्ती कैसे बढ़ा सकती है।
फूलगोभी में प्रोटीन, फॉस्फोरस, लौह तत्व, पोटैशियम, गंधक, नियासीन और विटामिन सीं आदि तत्व अधिक मात्रा में पाये जाते हैं। गंधक एवं क्लोरीन घटकों की मात्रा होने के कारण यह शरीर की अंदरूनी गंदगी को साफ करने का काम करती है।
फूलगोभी ना सिर्फ सेहत बनाती है बल्कि यह चेहरे के दागों को भी दूर करती है। अगर आपके चेहरे पर तिल के निशान है तो उस जगह पर रोज गोभी का रस लगाए। इससे कुछ ही दिनों में टिल के दाग छू मंतर हो जायेंगे।
गंधक की अधिकता के कारण फूलगोभी खून को साफ करती है जिसके चलते चर्म रोगों से भी मुक्ति मिलती है। फूलगोभी का सलफोराफीन रसायन दिल की सेहत के लिए काफी अच्छा होता है। अगर आपको कब्.ज की शिकायत रहती है तो में रात में गोभी का रस पीने से आपको लाभ होगा।
अगर आपको कभी चोट लग जाए चोट तो जख्म पर गोभी के पत्तों को गरम पानी में धोकर उसके बाद उन्हें कपड़े में सुखाकर चोट पर लगाएं, ऐसा करने से आपको फायदा होगा। गोभी का रस पीने से आँखों की कमजोरी दूर होती है और पीलिया दूर करने में मदद मिलती है। गोभी के पत्तों को कुचलकर रस तैयार कर कुल्ला करने से मसूढ़ों से खून का निकलना बंद हो जाता है। साथ ही कच्ची फूल गोभी को चबाने से मसूडों की सूजन भी दूर होती है। देखा आपने कितना गुणकारी है यह फूलगोभी। फिर सोच क्या रहे हैं इस बार की फूलगोभी को अपने भोजन में शामिल कीजिये और सेहत से नाता जोड़िए।

# अच्छी सेहत के लिए जरूरी है फाइबर

कभी वर्क कभी फोटो शूट तो कभी मार्केटिंग कॉल पर आउटडोर जाना इनके काम में शुमार है। होटल की ब्रैंडिंग के लिए लोगों से मिलना और होटल में ही खाना इनके रुटीन में शामिल होता है। जी हां, होटल्स मार्क कॉम मैनेजर का प्रोफेशन ही कुछ ऐसा है कि इन्हें अपने लिए भी समय नहीं मिलता। ऐसे में यह अपनी सेहत और खानपान का खयाल कैसे रखते हैं, डीडी ने की पड़ताल। साथ ही इनकी लाइफस्टाइल को दुरुस्त करने के लिए डाइटीशियन से जानें कुछ खास टिप्स।
दिनचर्याः मेरे दिन की शुरुआत सुबह 7 बजे होती है। मुझे घर से होटल के लिए लगभग 8.30 बजे निकल जाना होता है। 7.30 से 8 के बीच मैं ब्रेकफस्ट करती हूं। सुबह का इतना बिजी शेड्यूल होता है कि कोई एक्सरसाइज या वर्कआउट तक नहीं कर पाती। मैं पिछले एक साल से इस जॉब में हूं। व्यस्तता के कारण वॉक नहीं कर पाती। सुबह भागमभाग रहती है।
ब्रेकफस्टः मैं सुबह 7.45 बजे ब्रेकफस्ट करती हूं जिसमें आमतौर पर एक ग्लास दूध या चाय, कॉर्नफ्लेक्स, फ्रूट्स, ब्रेड बटर या फिर ऑमलेट होते हैं। इससे ज्यादा समय नहीं होता। मैं नॉनवेजटेरियन हूं। मैं होटल पहुंचने के बाद 9.30 तक ग्रीन टी लेती हूं। मन हुआ तो साथ में बिस्किट भी ले लेती हूं। 12.30 बजे तक कोई फल खाती हूं या ज्यादा भूख हो तो लंच जल्दी कर लेती हूं। मैं 2-3 घंटे के अंतर पर थोड़ा-थोड़ा कुछ न कुछ खाती रहती हूं।



लंचः आमतौर पर मैं लंच 1 बजे तक कर लेती हूं। होटल में ही खाती हूं, जिसमें दाल, चपाती, सब्जी और दही या सैलेड होते हैं।
स्नैक्सः शाम 4-5 बजे कभी कोल्ड कॉफी-बिस्किट या जूस या फिर सैंडविच लेती हूं। कोल्ड कॉफी पंद्रह दिन में एक बार लेती हूं। फिर घर पहुंचकर 7.00-7.30 बजे तक मेयोनीज चिकेन या हैम सैंडविच लेती हूं या फिर 1 ग्लास दूध लेती हूं। मैं सप्ताह में 2-3 दिन रात में या शाम को दूध लेती हूं।
डिनरः रात 10 बजे तक डिनर में दाल, रोटी, सब्जी और थोड़ा चावल लेती हूं। जब बाहर जाती हूं तो सिर्फ सैलेड, फ्रूट्स या सूप ही प्रेफर करती हूं। रात 12 बजे तक सो जाती हूं।

## सीएम बघेल ने जवानों की शहादत पर जताया दुख

रायपुर। दंतेवाड़ा जिले में नक्सली हमले में डीआरजी के 11 जवान शहीद हो गए हैं। जवानों की शहादत पर मुख्यमंत्री बघेल ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा दंतेवाड़ा के थाना अरनपुर क्षेत्र अंतर्गत माओवादी कैडर की उपस्थिति की सूचना पर नक्सल विरोधी अभियान के लिए पहुंचे डीआरजी बल पर आईईडी विस्फोट से हमारे 10 डीआरजी जवान एवं एक चालक के शहीद होने का समाचार बेहद दुखद है। हम सब प्रदेशवासी उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके परिवारों के साथ दुःख में हम सब साझेदार हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें।

# मुख्यमंत्री ने कॉफी टेबल पुस्तक का किया विमोचन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन संघ द्वारा तैयार की गई कॉफी टेबल पुस्तक का विमोचन किया। ग्रामोद्योग विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला और हथकरघा संघ की प्रबंध संचालक रेखा शुक्ला भी इस अवसर पर उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री ने पुस्तक के प्रकाशन पर ग्रामोद्योग विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. शुक्ला और हथकरघा संघ की प्रबंध संचालक रेखा शुक्ला को बधाई दी और कहा कि यह कॉफी टेबल पुस्तक छत्तीसगढ़ के हथकरघा वस्त्रों के प्रचार-प्रसार में बहुत उपयोगी साबित होगी। प्रबंध संचालक रेखा शुक्ला ने बताया कि इस पुस्तक का नाम ह्यमंगठाह्ल रखा गया है। छत्तीसगढ़ी भाषा में हथकरघा को ह्यमंगठाह्ल भी कहते हैं। इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ में बुने जाने वाले कोसा, खादी और कॉटन की साड़ियों की निर्माण प्रक्रिया की पूरी जानकारी और विभिन्न प्रकार की साड़ियों को सुंदर चित्रों के माध्यम से दशार्या गया है। यह पुस्तक छत्तीसगढ़ के हैंडलूम बुनकरों को समर्पित है, पूरे देश में छत्तीसगढ़ हैंडलूम के प्रचार-प्रसार में इसका बहुत अच्छा उपयोग होगा।

# हैरीटेज वाक का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। अपने शहर की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक विरासतों के दर्शन अब आम नागरिकों के लिए काफी आसान होंगे और उनके लिए यह अनुभव सुंदर और यादगार हो जाएगा। हैरीटेज वाक की अनुपम विरासत बुधवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नागरिकों को दी। आजादी के दौर के गवाह रहे ऐतिहासिक टाउन हाल से शुरू करते हुए प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत दिखाने वाली महाकौशल कलावीथिका की झलक लेते हुए नागरिक शहर की सबसे पुरानी बस्ती में प्रवेश करेंगे और यहां ऐतिहासिक धार्मिक धरोहरों को देखेंगे। वे नागरीदास मंदिर, जैतूसाव मठ आदि से गुजरते हुए पूरा रूट देखेंगे। इसे एक करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री सबसे पहले जैतूसाव मठ पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण की पूजा अर्चना की। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। इसके बाद हनुमान बावली पहुंचे जहां उन्होंने हनुमानजी की पूजा की। बताते हैं कि यह बावली बहुत पुरानी है। पांच सौ साल पहले इसके भीतर से लोगों को हनुमान जी की प्रतिमाएं दिखीं। मान्यता के अनुसार तीन प्रतिमाएं थीं।

इनमें से एक को बावली में ही स्थापित किया गया। एक मूर्ति मठपारा में स्थापित की गई। यहां के महंत हनुमानजी की पूजा कर दूध का आहर लेते हैं इस वजह से इसका नाम दूधाधारी मठ रखा गया। तीसरी मूर्ति गुढ़ियारी के मच्छी तालाब में स्थापित की गई। उल्लेखनीय है कि हाल ही में यहां बावली की साफसफाई कराई गई तब बावली की भीतरी दीवारों पर वानर स्वरूप आकृति दिखाई दी जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। उल्लेखनीय है कि इस रूट पर बूढ़ातालाब से लेकर किलेवाले बाबा, बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर, शीतला माता मंदिर, महामाया मंदिर, नागरीदास मंदिर, महावीर व्यायाम शाला, जैतूसाव मठ, जगन्नाथ मंदिर और टूरी हटरी को जोड़ा गया है। हैरीटेज वाक रूट प्रोजेक्ट के तहत शहर की एतिहासिक बिल्डिंग टाउन हाल और महाकौशल कला वीथिका के पुनर्विकास के काम भी कराया गया है।

# 150 पौवा देशी शराब के साथ हैदर अली गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। अवैध शराब परिवहन के मामले में कार्रवाई करते हुए रायपुर पुलिस ने आरोपी हैदर अली को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 150 पौवा देशी शराब जब्त की गई है। मामला मंदिर हसौद थाना क्षेत्र का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 अप्रैल को थाना मंदिर हसौद पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रांतर्गत नकटी रोड नहर पुल पास एक व्यक्ति अपने पास थैले में शराब रखा है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर परथाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम ने उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम हैदल अली निवासी मंदिर हसौद रायपुर बताया। उसके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैले में देशी शराब बरामद हुई। आरोपी हैदर अली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 150 पौवा देशी शराब तथा बिक्री रकम जुमला कीमती 16,500/- रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में अपराध क्रमांक 212/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

# टेस्ट ड्राईव के नाम पर बाइक लेकर हुआ था फरार, रायगढ़ से गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। बाइक खरीदने के लिए टेस्ट ड्राइव लेने के बहाने बाइक लेकर फरार हुआ आरोपी रायगढ़ से गिरफ्तार हो गया है। आरोपी ने पीड़ित को बाइक खरीदने का झांसा दिया और फिर टेस्ट ड्राइव के दौरान वीडियो बनाने के लिए उसे उतारा और बाइक लेकर रफूचक्कर हो गया। मामला तेलीबांधा थाना का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमांचल भगत ने थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपनी केटीएम बाईक क्रमांक सी जी 04 एल पी 9998 को बेचने के लिए ओएलएक्स में विज्ञापन डाला था। विज्ञापन डालने के बाद आरोपी ने प्रार्थी से उक्त मोटर सायकल को खरीदने के लिए मैसेज किया गया। 12 अप्रैल को आरोपी ने प्रार्थी को फोन कर बाईक लेकर मिलने के लिए बुलाया। प्रार्थी करीबन 12 बजे मरीन ड्राईव पहुंचकर आरोपी को फोन कर के बुलाया। आरोपी ने बाइक को पसंद कर ट्रायल लेने के की बात कहकर प्रार्थी को मरीन ड्राईव से बाईक के पीछे बैठाकर तेलीबांधा महासमुंद बेरियर चौक के पास ले गया और प्रार्थी को उतारते हुए अपना मोबाईल फोन पकड़ा कर बाईक के साथ फोटो-विडियो लेने के लिये बोला। प्रार्थी आरोपी की फोटो एवं विडियो लेने लगा इसी दौरान आरोपी प्रार्थी की बाईक लेकर रफूचक्कर हो गया। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 235/23 धारा 379 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी शुरू की। इसी दौरान टीम के सदस्यों को आरोपी को चिन्हांकित करने में सफलता मिली तथा आरोपी की पहचान सारंगढ़ निवासी रंजीत सोनी के रूप में करते हुए आरोपी की लोकेशन रायगढ़ में मिली। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा रायगढ़ रवाना होकर आरोपी की पतासाजी करते हुए आरोपी रंजीत सोनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की के.टी.एम बाईक सी जी 04 एल पी 9998 कीमती 50,000/- रुपए जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई। आरोपी पूर्व में रायपुर में निवासरत रह चुका है।

## राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने जवानों की शहादत पर जताया शोक

रायपुर। दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर क्षेत्र में नक्सलियों ने बुधवार को आईईडी ब्लास्ट कर दिया। हमले में 10 जवान व एक ड्राइवर समेत 11 शहीद हो गए। इस घटना में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने जवानों की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया है और शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि नक्सलियों के राष्ट्र विरोधी मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। केन्द्र शासन और राज्य शासन समन्वय पूर्वक नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए कटिबद्ध है। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने आज दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किये गये बम विस्फोट में पुलिस के जवानों की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया है

# शिखा सिंह तोमर अध्यक्ष दुग्ध संघ लखनऊ मंडल का स्वागत हुआ



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

मंगलवार की दोपहर पराग डेयरी लखनऊ की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष संगीता वाल्मीकि की अध्यक्षता में पराग की स्थापना से सर्वप्रथम बार महिला अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में पराग के नवीन डेरी प्रांगण में उनका स्वागत किया गया। संगीता के साथ-साथ श्रीमती पूजा जायसवाल,शिव देवी, सुमन. सिंह,राजकुमारी,अर्चना चौहान आज के द्वारा नव निर्वाचित महिला अध्यक्ष का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की गई की पराग डेयरी उनके नेतृत्व में एक बार फिर नई ऊंचाइयों को पहुंचेगी।शिखा सिंह द्वारा इस संबंध में सभी महिलाओं का धन्यवाद देते हुए कहां गया कि मेरे द्वारा पूरा प्रयास किया जाएगा। सर्वप्रथम सभी दुग्ध उत्पादक किसानों को भुगतान का प्रयास किया जा रहा है, कर्मचारियों की भी समस्याओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जिसके शीघ्र ही परिणाम दिखाई पड़ने लगेंगे।

# भाजपा महापौर प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल ने क्षेत्र में घर-घर जाकर किया जनसंपर्क, अपने साथ पार्षदों के लिए भी मांगे वोट

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने निकाय चुनाव में प्रत्याशियों को बड़ी जीत दिलाने के लिए जहां एक ओर मुख्यमंत्री की बड़ी सभा से शुरूआत कर दी है वही प्रत्याशियों सहित विधायकों और पार्टी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने वार्ड में प्रचार तेज कर दिया है। महापौर प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल लगातार वार्डो का सघन दौरा कर रही है वहीं भारतीय जनता पार्टी के मोर्चा के कार्यकर्ता टोली बनाकर लगातार घरों में जाकर भाजपा के समर्थन में वोट की अपील कर रहे हैं। मंगलवार सुबह महापौर प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल ने मध्य विधानसभा के हजरतगंज राम तीरथ वार्ड एवं राजा राममोहन राय वार्ड की पार्षद मधु सिंह के साथ रमैया जी पुरम पर, रफी अहमद किदवई वार्ड के भाजपा पार्षद प्रत्याशी मालती यादव के साथ शंकर चौराहा, गोमती नगर विक्रमादित्य महात्मा गांधी वार्ड के भाजपा प्रत्याशी सुमित रावत के साथ हनुमान जी मंदिर डायमंड डेरी तथा रानी लक्ष्मीबाई वार्ड के भाजपा पार्षद प्रत्याशी दीपक सोनकर शैलू के साथ कैसरबाग बस अड्डे पर सघन जनसंपर्क किया और लोगों से की जनता पार्टी को समर्थन देने की अपील की।भारतीय जनता पार्टी के मोर्चा, प्रकोष्ठ और विभागों के कार्यकर्ता टोली बनाकर लगातार घरों में जाकर भाजपा के समर्थन में वोट की अपील कर रहे हैं। इसके उपरांत महापौर प्रत्याशी सीतापुर रोड स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में लखनऊ के प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रबंधकों के साथ चाय पर चर्चा की उन्होंने कहा आप लोग बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव रखते हैं। उन्हें उन्होंने प्रबंधकों से भाजपा को वोट देने की अपील की। जिस जिस पर सभी विद्यालय के प्रबंधकों व शिक्षकों द्वारा भाजपा महापौर प्रत्याशी को पूर्ण समर्थन देने का एलान किया। इशांन शर्मा, अनिल अग्रवाल व कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रबंधक उपस्थित रहे। इसी क्रम में लखनऊ बार एसोसिएशन अध्यक्ष कुलदीप नारायण मिश्रा व पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट और भाजपा विधि प्रकोष्ठ नगर संयोजक के.के मिश्रा व पदाधिकारियों के साथ सिविल कोर्ट में अधिवक्ताओं के साथ व्यक्तिगत रूप से भेंट की और कमल के फूल को वोट देकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए समर्थन मांगा। इसके उपरांत कैंट विधानसभा के अंतर्गत केसरी खेड़ा वार्ड के भाजपा पार्षद प्रत्याशी संदीप यादव के साथ पार्षद कार्यालय, केसरी खेड़ा चित्रगुप्त नगर वार्ड के भाजपा पार्षद प्रत्याशी नरेंद्र पाल के साथ शिव शंकर अवस्थी के आवास पर ब्राह्मण परिवार के साथ बैठक एवं जनसंपर्क का अभियान चलाया गया एवं सिंधी समाज द्वारा सेवा मंगल कार्यक्रम भोजन व प्रसाद वितरण भी किया गया। पश्चिम विधानसभा अंतर्गत बुद्धेश्वर चौराहे पर भाजपा महापौर प्रत्याशी के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विशाल जनसभा में सम्मिलित हुई।

# बोर्ड परीक्षा की सफलता पर अव्वल आये छात्रों को दी बधाई



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सरोजनीनगर। मंगलवार के दिन बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद सफल छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। सरोजनीनगर के शांति नगर स्थित क्रिएटिव कान्वेंट कॉलेज के इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 26 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें सभी छात्र छात्राएं सफल रहे और इंटरमीडिएट परीक्षा में रिद्धिमा दुबे 87 प्रतिशत लाकर विधालय में टॉप करके विधालय का नाम रोशन किया। वही हाई स्कूल की परीक्षा में कुल 31 परीक्षार्थी पंजीकृत थे सभी सफल हुए। जिसमें आर्यन सिंह 82 प्रतिशतलाकर विधालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। कॉलेज के प्रबंधक योगेंद्र सचान ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया और बताया कि यह बच्चों की सफलता की उड़ान है।

## शौच के लिये घर से निकली किशोरी लापता

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी भाई ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया बीते शनिवार की शाम चार बजे 16वर्षीय बहन घर से शौच जाने की बात कहकर निकली थी लेकिन वापस नही लौटी,इधर उधर काफी खोजबीन के बाद भी सदिग्धं परिस्थितियों में लापता हुयी बहन का कोई पता नही चल सका है ।पीड़ित भाई ने बहन के मोबाइल फोन पर बात करने वाले अज्ञात युवक पर अपहरण करने की आंशका जताई है ।इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया मोबाइल नम्बर के आधार पर किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

# बंथरा में हुए दो सड़क हादसे, दो की मौत, दो घायल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत में दो अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसो में एक बुजुर्ग समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। इनमें एक घटना सोमवार रात की है जबकि दूसरी मंगलवार दोपहर हुई। जानकारी के मुताबिक कृष्ण कुमार सोनी (55) अपनी बाइक से सोमवार रात करीब 8:30 बजे बंथरा में दादूपुर पुल से आ रहे थे। तभी बंथरा स्थित कानपुर रोड पर दादूपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे कृष्ण कुमार ट्रक में फस कर करीब 300 मीटर दूर तक घिसटते चले गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने शोर मचाया तो ट्रक चालक ने अपना वाहन रोक दिया। लेकिन बाद में वह वाहन सहित वहां से फरार हो गया। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल कृष्ण कुमार को सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही दूसरी घटना मंगलवार की दोपहर कानपुर रोड स्थित राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान केंद्र के पास हुई। सरोजनी नगर के मुल्लाही खेड़ा निवासी शिवा 20 वर्ष अपने दो साथियों के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर बंथरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान वनस्पति अनुसंधान केंद्र के पास पीछे से आ रहे वाहनों के ओवरटेकिंग के दौरान उसकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई।

# सड़क हादसे में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत

## परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



परिजनों को उचित कार्यवाही का आश्वासन देते उपजिलाधिकारी व अन्य



मृतक सर्वेश – फाइल फोटो

लखनऊ। एक गांव से शटरिंग का काम करके लौट रहे बाइक सवार युवक को ट्रैक्टर ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत आनन-फानन में घायल युवक को सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मिजार्पुर निवासी सर्वेश (34) शाम करीब 9 बजे शिवपुरिया से शटरिंग का काम करके वापस अपनी बाइक से घर लौट रहा था। तभी रहटा गांव के पास लापरवाही के चलते तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उसे जोरदार टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को माल सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।मृतक के परिवार में माता सुनीता, पत्नी पूनम, दो बेटे शिवा 12 वर्ष, कपिल 8 वर्ष, बेटी सरोजनी 6 वर्ष है जिनका रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों द्वारा नामजद तहरीर पर पुलिस ने अटेर निवासी ट्रैक्टर चालक अशफाक के खिलाफ 279, 304 ए धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मंगलवार अपराह्न करीब 4 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचते ही परिजनों ने रहीमाबाद माल मार्ग पर शव रखकर करीब 15 मिनट तक मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। एसडीएम मलिहाबाद संतबीर व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के पुत्र विकास किशोर आशु के आश्वासन पर माने ग्रामीण पुनः सुचारू रूप से आवागमन सेवाएं हुई चालू । देर शाम परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक अख्तयार अहमद अंसारी ने बताया कि परिजनों द्वारा मिली तहरीर पर ट्रैक्टर चालक अशफाक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।

## गोधन न्याय की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम की अध्यक्षता में गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर खरीदी, सक्रिय गोबर विक्रेता, गोबर से वर्मी खाद रूपान्तरण एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में समीक्षा बैठक आहूत की गई।

गोधन न्याय योजना अंतर्गत जिले के समस्त गौठानो में प्रतिदिन 2 क्विंटल गोबर खरीदी करने, सभी गौठानो में गोबर विक्रय हेतु सक्रिय गोबर विक्रेताओं की संख्या बढाने हेतु निर्देषित किया। जिले के समस्त गौठानो में गौठान प्रबंधन समिति की बैठक 30 अप्रैल 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने हेतु निर्देषित किया गया तथा बैठक में योजना के महत्व जैसे जैविक खेती के फायदे, वर्मी खाद एवं गौ मूत्र का उपयोग तथा गौठान प्रबंधन समिति के सदस्यों को मिलने वाले मानदेय आदि के बारे में आवष्यक रूप से चर्चा करने हेतु निर्देषित किया गया। ऐसे गौठान जहां कन्वर्जन प्रतिषत अपेक्षाकृत कम है, वहां जिला एवं विकास खण्ड स्तर के अधिकारियों को निरीक्षण कर वहां आने वाली समस्याओं का समाधान करने हेतु निर्देषित किया गया।

बैठक में उप संचालक कृषि प्रदीप कुमार एक्का, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजेष सेंगर, सहायक संचालक कृषि संदीप सिन्हा एवं आर. एल. भारिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अभिषेक झा, सभी विकास खण्डों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तथा समस्त गौठान प्रभारी स्टाफ, गौठान के नोडल अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

# खाद्य मंत्री के गृह जिले में ग्रामीण सरकारी राशन से हो रहे वंचित

### 0 खाद्य अधिकारियो की मनमानी से सरकार की छवि पर लग रहा बट्टा 0 विधायक की नाराजगी भी बेअसर

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के दूरस्थ अंचल में प्रशासन की मौजूदगी पर लगातार सवाल खड़े होते रहे है। अधिकारी जिला मुख्यालय का मोह छोड़ नही पाते और मैदानी कर्मचारी अपनी मस्ती में रहते है।यही वजह है कि खाद्य मंत्री के गृह जिले में लोग सरकारी राशन से वंचित हो रहे है।जिससे गरीब तबके या कहे सरकारी राशन पर आश्रित लोगो के सामने भूखों मरने की नोबत आन पड़ रही है।यह केवल हवा हवाई बात नही है सरकारी राशन दुकान की मनमानियों पर कांग्रेस के विधायक भी अपनी नाराजगी जता चुके है।पिछले दिनों भटगांव के विधायक पारस नाथ राजवाडे राशन दुकान संचालक व खाद्य अधिकारियो को चेताया था कि शिकायत मिली तो फिर खैर नही होगी पर सुधार तो हुआ नही है।इसकी वजह खाद्य विभाग के अधिकारियो की मनमानी ही है जिससे गांवो में



सरकार की छवि पर बट्टा लग रहा है।

**चार महीने से नही मिल रहा राशन**

ओड़गी ब्लॉक के बिहारपुर इलाका के ग्राम पंचायत रामगढ़ के आश्रित ग्राम तेलाई पाठ , कछवारी में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पंडो जनजाति परिवार को उचित मूल्य दुकान रामगढ़ से तीन माह से खाद्यान्न सामग्री चावल, चना, शक्कर, नमक, मिट्टी तेल नहीं मिला है। जिससे गरीब पंडो जनजाति के लोग काफी परेशान है।जिन्हें राशन नही मिला है उनकी संख्या करीब सौ से अधिक है। राशन दुकान संचालक का कहना है कि उन्हें राशन कम मिला था इसलिए वे सभी को नही दे पाए।

**एक सप्ताह के अंदर मिल जाएगा राशन**

इधर बिहारपुर के प्रभारी तहसीलदार संजय शर्मा के अनुसार राशन नही मिलने की शिकायत मिलने पर वे खुद खाद्य निरीक्षक को लेकर गांव में गए थे जहाँ यह बात सामने आई कि राशन दुकान संचालक जो सरपंच भी है,के द्वारा भुगतान नही किये जाने के कारण कुछ दिक्कते हुई थी और यह भी सामने आया कि कुछ लोगो से अंगूठा लगवा लिया गया था पर राशन नही दिया गया।जिस पर सरपंच कम राशन दुकान संचालको ने लिखित में यह भरोसा दिलाया है कि एक सप्ताह के अंदर ऐसे सभी लोगो को वे राशन उपलब्ध करा देंगे।श्री शर्मा ने बताया कि केवल एक महीने मार्च का राशन नही मिलने की बात सामने आई है वह भी केवल 20 से 22 लोग है।जिन्हें एक सप्ताह के अंदर राशन मुहैया करा दिया जाएगा।वे खुद इस पर नजर बनाए हुए है।

# नशा करने वालों को रचनात्मक गतिविधियों के साथ प्रोत्साहित करें : स्वरनन्दा

### नशा मुक्त भारत अभियान बैठक सम्पन्न



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक एडीएम श्री नरेन्द्र पैकरा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली से कु. स्वरनंदा मोह एवं कु. अनन्या भारद्वाज (स्टेट कॉर्डिनेटर) ने बैठक लिया।

स्टेट कॉर्डिनेटर स्वरनंदा ने बताया कि हर राज्य व जिले की परिस्थितियां अलग-अलग होती है। उसी के आधार पर जिले के हॉट स्पाट वाले जगहों पर लोकल स्वास्थ्य अधिकारी, पुलिस अधिकारी, सेल्फ हेल्प ग्रुप के वालेंटियर या मास्टर ट्रेनर के माध्यम से नशा करने वालों को समझाइश देने से अधिक कारगर होता है। युवाओं के मध्य बढ़ रहे नषीली दवाइयों के दुरूपयोग को रोकने, विद्यालय, विष्वविद्यालय में इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने कहा। उन्होंने बताया कि यह अभियान देषभर के 272 जिलों को नषा मुक्त बनाने के लिए इस अभियान की शुरूआत की गयी है। इस संबंध में मास्टर वालिंटियर ट्रेनर का प्रशिक्षण जिला अस्पताल परिसर स्थित जिला पुनर्वास केंद्र में आयोजित किया जायेगा। मास्टर ट्रेनर के माध्यम से नषा करने वाले युवाओं को रचनात्मक गतिविधियां के द्वारा, या जिले में जो अच्छी गतिविधियां चल रही है, उनसे जोड़कर प्रोत्साहित किया जा सकता है।

महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेष सिंह सिसोदिया ने जिले में नषा मुक्त के लिए चलाये जा रहे अभियान के बारे में बताते हुए उन्होंने जिले में पुलिस विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यवाहियों की जानकारी दी। षिक्षा विभाग के माध्यम से स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम तथा हॉस्टल अधीक्षकों के द्वारा छात्रावासों एवं आश्रमों में विद्यार्थियों को नषा मुक्ति के लिए जागरूक एवं प्रचार प्रसार किया जा रहा है। साथ उन्होंने जिले के मदिरा दुकान तथा दवाई दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की जानकारी दी। जिले में बहुत से ऐसे स्थान है जहां पर खदान है। ऐसे स्थानों पर कोटपा एक्ट के तहत् कार्यवाही भी जिला प्रशासन लगातार कर रही है। पुलिस विभाग ने बताया कि एनडीपीसी एक्ट के माध्यम से वर्ष 2021 में 188 कि.ग्रा. , वर्ष 2022 में 70 कि.ग्रा. तथा वर्ष 2023 मार्च तक लगभग 18 कि.ग्रा. गांजा पकड़ा गया है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि ऐसे किसी भी गतिविधि की सूचना अवष्य दे। जिससे कार्यवाही की जा सके।

जिले में छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान निःषुल्क नषा मुक्ति केन्द्र है। सुरेन्द्र साहु ने बताया कि नषा मुक्ति केन्द्र में 3 दिसम्बर 2022 को 28 लोग आये थे। आज तक यहां से 22 लोग ठीक होकर अपने घर चले गये है। उन सतत् निगरानी की जा रही है। 6 लोग शेष है। नशे के रोकथाम हेतु जिला स्तर से लेकर ग्राम पंचायतों के स्कूल, कॉलेज, गार्डन, स्टेडियम, कोचिंग संस्थानों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर बेनर, पोस्टर, पाम्पलेट, दीवार लेखन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से इसका व्यापाक प्रचार-प्रसार किया जाये।

इस दौरान बैठक में उप संचालक समाज कल्याण, डॉ. आर. एस सिंह, बाल संरक्षण अधिकाकरी मनोज जायसवाल, सुरेन्द्र साहू, आबकारी अधिकारी, पुलिस अधिकारी सहित जिले के अधिकारी, कर्मचारी व भारत माता वाहिनी समूह के अध्यक्ष, सचिव उपस्थित रहे।

# रामानुजनगर में पदस्थ प्रधान आरक्षक निलंबित,नगर सैनिक भी अटैच, पुलिस की छवि कर रहे थे धूमिल

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** रिश्वतखोरी के आरोप में रामानुजनगर थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक को जहाँ निलंबित कर दिया गया है वही नगर सैनिक को कार्यालय भेजा गया है।




एसपी ने बताया कि शिकायत को संज्ञान लेने पर मामला गंभीर प्रकृति का होने, प्रधान आरक्षक के द्वारा कर्तव्य के प्रति घोर अनुशासनहीनता व पुलिस की छवि धूमिल करने पर गंभीरता से लेते हुए थाना रामानुजनगर में पदस्थ प्रधान आरक्षक हेमंत शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र सूरजपुर सम्बद्ध किया है और मामले में प्रारंभिक जांच के आदेश दिए है। रामानुजनगर थाना में पदस्थ नगर सैनिक नगर सेना कार्यालय भेजने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस की छवि धूमिल करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# भव्य रूप में होगा परशुराम धाम स्थापना,बैठक में बनी रणनीति, युवाओं को किया गया सम्मानित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** विप्र समाज के युवाओं की मंगलवार को हुई बैठक में जहाँ भगवान परशुराम धाम के स्थापना की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई वहीं परशुराम जन्मोत्सव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं व बच्चों को सम्मानित किया गया।नमदगिरी रिंग रोड स्थित नव निर्मित भगवान परशुराम धाम में विप्र समाज के युवाओं की एक बैठक आहूत की गई थी।जिसमे मई में होने वाले भगवान परशुराम जी के मूर्ति स्थापना कार्यक्रम के स्थगित होने पश्चात नई तिथि व उसकी तैयारियो को लेकर विचार विमर्श किया गया साथ ही उक्त कार्यक्रम को भव्य रूप देने की रणनीति भी बनाई गई।हालांकि अभी मूर्ति स्थापना की तिथि तय नही है पर जब भी होगा इसे भव्य रूप में किये जाने का फैसला लिया गया है।बैठक में सभी विप्र बन्धुओ को सिखा रखने व तिलक लगाना



अनिवार्यता पर भी रायशुमारी की गई।इसके साथ ही प्रति सप्ताह बैठक किये जाने की सहमति भी बनी है।बैठक में परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम पर समर्पण भाव से कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया।इस वर्ष परशुराम जन्मोत्सव पर परशुराम धाम में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए थे। बैठक में सूरज अवस्थी, विक्की मिश्रा, सौरव द्विवेदी, गौरव दुबे, अभिषेक दुबे, डॉ. हर्षवर्धन शर्मा, राजेश दुबे (बबलू महराज), संदीप तिवारी, नीरज चौबे

प्रदीप द्विवेदी, कुलदीप द्विवेदी, दुर्गेश उपाध्याय, डॉ आनंद त्रिपाठी, आदर्श कुमार त्रिपाठी, प्रफुल्ल चौबे, अमर द्विवेदी, शिवम ओझा, अभिषेक मिश्रा, डॉ आशुतोष चौबे, शुभांशु पांडेय, नीलेश मिश्रा, अभिषेक दुबे, राकेश महराज, विक्की मिश्रा, सारांश कुमार तिवारी, मनीष कुमार मिश्रा, जितेंद्र भारती, आलोक चौबे, अरविंद मिश्रा, शशांक मिश्रा, दीपक ओझा, अंकित तिवारी, अभिनव दुबे, राहुल तिवारी आकाश तिवारी, अनंत मणि पांडेय,सूरज कुमार अवस्थी, अम्बुज मिश्र, सौरव द्विवेदी, अंकुर तिवारी, अम्बुज मणि त्रिपाठी, राहुल गौतम, अंशु महराज, मयंक द्विदेवी कुणाल दुबे, आरव तिवारी, ईशान चौबे, अभिसार दुबे, अर्पित ओझा, आराध्य ओझा, सुरेश ओझा, रमेश कुमार दुबे, दीपक आनंद झा, उमेश चौबे, अमन ओझा, सक्षम दुबे, विशेष दुबे, रविन्द्र दुबे, श्रेयांश दुबे सहित सक्षम दुबे,श्रेयांश दुबे,आरव तिवारी, ईशान चौबे, अभिसार दुबे,अमन ओझा, अर्पित ओझा, विशेष पांडेय (शीनू), आराध्य ओझा आदि का सम्मान किया गया।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**सरगुजा मण्डल अम्बिकापुर, जिलाः सरगुजा ( छ.ग. )**

**शासकीय वाहन के नीलामी की सूचना**
**प्रथम दौर**

क्रमांक 443 / स्था. / ग्रा.यां.से. / 2023 — अम्बिकापुर, दिनांक 24.04.2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालयीन **शासकीय डीजल कार क्रमांक सी0जी0 02 5856** के नीलामी की समय सीमा 28 **अप्रेल** तय जाती है

| क्र0 | वाहन का क्रमांक | माडल | वर्तमान में वाहन कहां पर है | नीलामी की स्थिती | नीलामी हेतु न्यूनतम शासकीय मूल्य (आफसेट मूल्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी0जी0 02 5856 | टाटा इंडिगो ई0सी0एस0 डीजल 2013 | कार्यालय अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सरगुजा मण्डल, अम्बिकापुर के परिसर में | जैसी है वैसी ही स्थिती में | रु 35000.00 (रु पैंतीस हजार मात्र) |

इच्छुक व्यक्ति कार्यालय में सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त करें।

अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
सरगुजा मण्डल अम्बिकापुर

जी-00628 / 2

न्यायालय तहसीलदार प्रतापपुर, जिला सूरजपुर (छ0ग0)

रा0प्र0क्र0- / अ-19 / 2021-22

**ईश्तहार**

कार्यालय उपसंचालक कृषि सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ0ग0) का पत्र क्रमांक ध्स-7 / भू0आ0 / 2022-23 / 2376 सूरजपुर दिनांक 01.08.2022 कार्यालय कलेक्टर सूरजपुर छत्तीसगढ़ का पत्र क्रमांक 2164 / व0 लि0 / 2022 सूरजपुर दिनांक 11.05.2022 के तारतम्य जिला सूरजपुर के तहसील प्रतापपुर अंतर्गत कृषि महाविद्यालय प्रतापपुर के लिए भूमि का हस्तांतरण शैक्षणक संस्थान समिति को भूमि आबंटित किए जाने हेतु पत्र प्राप्त हुआ है। तद्नुसार कृषि महाविद्यालय प्रतापपुर के लिए भूमि का चयन कर प्रतिवेदन लिया गया है। प्रतिवेदन अनुसार ग्राम प्रतापपुर प0ह0नं0 39 तहसील प्रतापपुर स्थिति वर्तमान बी-1 व सरगुजा सेटलमेंट अनुसार गौचर मद की भूमि खसरा नंबर 913 हे0 भूमि आबंटित किए जाने हेतु प्रस्तावित किया गया है।

अतःउक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 28 / 04 / 2023 तक समय 11:00 बजे तक इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12 / 04 / 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

तहसीलदार
प्रतापपुर

# मीडिया फोर चिल्ड्रन अवार्ड से सम्मानित किये गए राजेश

### 0 विधानसभा अध्यक्ष के हाथों मिला सम्मान 0 यूनिसेफ का आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यूनिसेफ द्वारा बच्चों और महिलाओं पर असाधारण रिपोटिंग व सामाजिक कार्यों के लिए राजेश सोनी को सम्मानित किया है। बाल अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी वकालत करने के लिए कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय और एमएसएसवीपी के सहयोग से यूनिसेफ द्वारा मीडिया चिल्ड्रन अवार्ड्स शीर्षक वाले पुरस्कार दिए जाते हैं। बाल और महिला उत्पीड़न उनके अधिकारों के प्रति जागरूक होकर मीडिया के माध्यम से बेहतर कार्य को अंजाम देने के उद्देश्य से यूनिसेफ मीडिया 4 चिल्ड्रन नाम से प्रदेश के पत्रकारों को सम्मानित करती है। इसी के तहत रायपुर में एक समारोह में यूनिसेफ के तत्वाधान में बच्चों एंव महिलाओं की समस्याओं एंव उसके निराकरण के लिए असाधारण रिपोटिंग पर कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय एंव एम एस एस व्ही पी के द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष चरणदास महंत के हाथों नगर के वरिष्ठ पत्रकार राजेश सोनी को सम्मानित किया गया। यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के प्रमुख जॉब जकरिया, संचार विशेषज्ञ श्याम सुधीर बांदी, रायपुर विकास प्राधिकरण के




अध्यक्ष सुभाष धुप्पड, मुख्यमंत्री के सलाहकार रूचिर गर्ग, गौरव द्विवेदी के साथ यूनिसेफ के डी श्याम, मनोज भारती आदि मौजूद थे।श्री सोनी, बच्चों और महिलाओं के अधिकारों, उनसे जुड़ी परेशानियों कुपोषण, मानव तस्करी व अन्य मामलों के साथ उनके लिए लगातार खबरों के माध्यम से उन्हें राहत पहुंचाने का कार्य किया है कोरोनकाल में मरीजो को उपचार उनकी समस्याओं को लेकर बेबाक तरीके से उठाए थे जिसके फल स्वरूप तत्कालीन कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कोविड अस्पताल के सामने टेंट लगवाकर एसडीएम सहित तहसीलदार की ड्यूटी लगाई थी जिससे कोविड के मरीजो को उपचार सुनिश्चित हो सके. नगर में यूनिसेफ, एस सीसीआर, जिला प्रशासन और एम एस एस व्ही पी के सहयोग से, रोकोटोको अभियान चलाया गया था। जिसमे नगर के वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र दुबे, ओमकार पांडेय, चंचलेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पत्रकारों की टीम के साथ स्वंम सेवको ने 2 महीने नगर के वार्ड, अपार्टमेंटों, बाजारों, होटलों, बस स्टैंड और चौराहों पर जाकर लोगों को कोविड व्यवहारों के बारे में शिक्षित, उनका पालन, शतप्रतिशत टीकारण के लिए प्रोत्साहित किया था।


**समाज में बैगा गुनिया की भूमिका...**

यूनिसेफ के तत्वाधान में एमसीसीआर के सहयोग से जिले धर्मगुरु बैगा गुनियॉ का सम्मेलन उनको समाज की मुख्य भूमिका बच्चों और महिलाओं के प्रति जागरूक किया जिससे बच्चों का टीकाकरण के साथ महिला स्वास्थ के प्रति जागरूक हो साथ समाज के तमाम बुराइयों को दूर किया जा सके. तमाम अनेकानेक गतिविधियों के साथ उनको पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्यों के लिये जाने जाते है. उनके द्वारा असहाय,गरीब तथा जरूरतमंद लोगों की आवाज हमेशा ही उठाई जाती रही है।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** नगर सीमा से लगे ग्राम पर्री स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के पूर्व कार्यकारिणी को भंगकर नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से सभी सदस्यों के द्वारा किया गया। जिसमें संरक्षक कृष्णा कुशवाहा, उमेश चौबे, राजेंद्र अग्रवाल, सलाहकार मनोज कुशवाहा, जीतराम कुशवाहा अध्यक्ष महेंद्र राजवाड़े, उपाध्यक्ष विदेश्वर कुशवाहा, शशि कुशवाहा सचिव रामविलास कुशवाहा सहसचिव संतोष राजवाड़े कोषाध्यक्ष हीरालाल कुशवाहा सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र सोनी महामंत्री संत सिंह, राधिका कुशवाहा कार्यकारी मंत्री मनोज देवांगन संगठन मंत्री पारस सिंह, प्रेम राजवाडे मीडिया प्रभारी राकेश जायसवाल प्रवक्ता विनोद सोनी संचालक दिनेश राजवाड़े कार्यालय सचिव शंकर राजवाड़े एवं कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है।



# कोरिया फ्रंटलाइन

## साप्ताहिक समय सीमा की समीक्षा बैठक संपन्न

**मुख्यमंत्री जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों का समयसीमा में निराकरण करने के निर्देश**





**छ.ग.फ्रंटलाइन**
**मनेन्द्रगढ़ ( एमसीबी )।** प्रभारी अपर कलेक्टर और एसडीएम खड़गंवा श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023, बेरोज़गारी भत्ता योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मज़दूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना और रीपा योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। शासन की महत्वाकांक्षी फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति लाने के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश भी दिये गये। श्रीमती तोमर ने सभी विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए रीपा केंद्रों और गोठानो में बन रहे सामग्री का उठाव करने के निर्देश दिये ताकि स्व सहायता समूह की महिलाओं को अधिक से अधिक स्वरोज़गार के अवसर प्राप्त हों। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों के सभी हैंडपंप को चालू रखने तथा जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता लाने के निर्देश दिये। समयसीमा की बैठक के पश्चात जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सीएस पैकरा, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण भगत, डिप्टी कलेक्टर प्रीतेश राजपूत, सभी तहसीलदार, जनपद सीईओ तथा अन्य जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया सोनहत के ग्राम पोडी गौठान का निरीक्षण

**गौठान में आजीविकामूलक गतिविधियों से सम्पन्न हो रहीं समूह की महिलाएं**





**छ.ग.फ्रंटलाइन**
**कोरिया।** जिले के गौठानों में विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों के संचालन से समूह की महिलाएं आर्थिक रूप सम्पन्न हो रहीं हैं। इन्हीं गतिविधियों का जायजा लेने आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विकासखण्ड सोनहत के ग्राम पोंडी में संचालित गौठान का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने गौठान में गोबर खरीदी की जानकारी ली तथा नियमित रूप से खरीदी जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं से गौठान में संचालित आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली तथा उनका उत्साहवर्धन करते हुए नवीन गतिविधियों से जुडने हेतु महिलाओं को प्रेरित किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वर्मी कम्पोस्ट खाद का निर्माण कर रहीं साक्षर स्वसहायता समूह की महिलाओं ने लंगेह को बताया कि उन्होंने अब तक 992 क्विंटल का उत्पादन किया है तथा 899 क्विंटल खाद लगभग 3 लाख 50 हजार 350 रुपए का विक्रय किया हैं। उन्होंने बताया कि समूह द्वारा गौठान में बाड़ी का भी कार्य किया जा रहा है यहां उन्होंने वर्तमान में रागी की खेती की हैं और वर्तमान में लौकी, भिंडी, करेला आदि की भी खेती करेंगे। इसी प्रकार गौठान में महिला मंडल की महिलाओं द्वारा कड़कनाथ मुर्गी पालन का कार्य किया जा रहा है जिसे देख कलेक्टर ने मुर्गियों को बाजार तक पहुंचाने की आवश्यक व्यवस्था करने गौठान समिति को निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थितिथे।

## बरसात के पूर्व शहर के नालों का सफाई कार्य प्रारंभ

**नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल ने नालों की सफाई कार्य का किया निरीक्षण**





**छ.ग.फ्रंटलाइन**
**मनेन्द्रगढ़ ( एमसीबी )।** बरसात के पूर्व शहर के नालों की सफाई का कार्य नगर पालिका प्रशासन के द्वारा प्रारंभ किया गया है जिसका नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ की संवेदनशील अध्यक्ष प्रभा पटेल ने बुधवार को नालों की सफाई कार्य का जायजा लेकर निरीक्षण किया है तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि शहर के वार्डो के बीच से गुजरने वाले बड़े-बड़े नाला जाम हो गए थे जिसकी सफाई ना होने से नालों का गंदा पानी सड़क पर बरसात के दिनों में बहने लगता था जिसको देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल ने नगर पालिका कार्यालय में एक बैठक बुलाकर नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों को बरसात के पूर्व नालों की सफाई कराने का निर्देश दिया था। नगर पालिका अध्यक्ष के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन ने शहर के नालों की सफाई कार्य की शुरुआत की है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा वार्ड क्रमांक 9, 10, 11 में बहने वाले नाले की सफाई कराई जा रही है जिसका निरीक्षण करने बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल पहुंची हुई थी और सफाई कर्मियों को ठीक तरह से नालों की सफाई करने का निर्देश दिया जिससे सफाई के मामले में किसी तरह की शिकायत ना मिले। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल ने बताया कि शहर के बड़े-बड़े नालो सहित छोटी नालियों की बरसात के पूर्व सफाई कराने का कार्य शुरू किया जा रहा है। अक्सर ऐसी शिकायत मिलती थी कि बरसात के दिनों में नालियों के जाम होने से नालियों का पानी सड़क पर बहने लगता था जिसको ध्यान में रखते हुए बरसात के पूर्व शहर के सभी बड़े नालों व छोटी नालियों की सफाई प्राथमिकता के आधार पर कराई जा रही है ताकि बरसात के दिनों में नालों और नाली का पानी सड़क पर ना बहे और शहर वासियों को किसी तरह की दिक्कत ना हो। वार्डवासियों ने बरसात के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल के निर्देश पर शहर के नालों की कराई जा रही सफाई को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष के प्रति आभार प्रगट किया तथा पुष्पाहार पहनाकर उनका स्वागत किया है।

## अनाचार व हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा

**छ.ग.फ्रंटलाइन**
**मनेन्द्रगढ़ ( एमसीबी )।** अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.एस.सी.) मनेंद्रगढ़ आनंद प्रकाश दीक्षित की अदालत ने खड़गवा थाना क्षेत्र में 24 मार्च 2018 की रात्रि नाबालिक से अनाचार कर उसकी हत्या के जुर्म में अहम फैसला सुनाया है। खड़गवां में मेला देखने गई मासूम के साथ दैहिक शोषण कर बेरहमी से हत्या करने मामले में आरोपी सचिन केशरवानी उर्फ़ भोलू पिता महेंद्र केशरवानी निवासी खड़गवा कोलपारा को विभिन्न धाराओं में प्राकृत जीवनकाल के लिए कारावास की सजा सुनाई है । न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि इस प्रकृति के अपराध से समाज में बच्चियों तथा महिलाओं के संबंध में असुरक्षा का वातावरण निर्मित होता है, यह अपराध समाज पर व्यापक रूप से प्रतिकूल प्रभाव डालता है, अभियुक्त द्वारा जिस तरीके से घटना को अंजाम दिया है, वह उसकी अत्यंत क्रूर मानसिकता को दर्शाता है जिसे दृष्टिगत रखते हुए दंड के प्रश्न पर उदारतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है,सभी तथ्यों, अपराध की प्रकृति तथा प्रकरण की समग्र परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अभियुक्त को आजीवन कारावास के दंड से दंडित किया जाता है।

## मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने जिला संग्रहालय का किया अवलोकन परम्पराओं और जनजाति समुदाय की संस्कृति का सुंदर समावेश




**छ.ग.फ्रंटलाइन**
**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार, योजना, नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा ने आज जशपुर के जिला संग्रहालय का अवलोकन किया और जनजाति समुदाय के जीवन शैली से संग्रहित पुरातत्व चीजों की जानकारी ली। इस अवसर पर जशपुर विधायक विनय भगत, कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव, डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय, सूरज चौरसिया, झारखंड से आए फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी सिद्धार्थ, अतिथि गण एवं संभाग से आए संभाग स्तरीय टेक्निकल सपोर्ट एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने जनजातियों के संस्कृति, उनके रहन सहन, रीति रिवाज, आभूषण, औजार, दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गौरवशाली परम्पराओं और जनजातियों समुदायों की संस्कृति का जिला संग्रहालय में सुंदर समावेश किया गया हैं इससे सहेज के रखने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के द्वारा जिले में अपने आप में अनूठा और आकर्षक पुरातत्व संग्रहालय जिला खनिज न्यास निधि संस्थान से 25 लाख 85 हजार की लागत से बनाया गया है। संग्रहालय का लाभ जशपुर जिले के आस-पास के विद्यार्थियों को मिल रहा है। पुरातात्विक ऐतिहासिक चीजों को बचाने एवं संरक्षित रखने हेतु अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। संग्राहलय में 13 जनजाति बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, असूर जनजाति, उरांव, नगेशिया, कवंर, गोंड, खैरवार, मुण्डा, खड़िया, भूईहर, अघरिया आदि जनजातियों की पुरानी चीजों को संग्रहित करके रखा गया है। संग्राहलय में तीन कमरा, एक गैलरी को मूर्त रूप दिया गया है। संग्रहालय में लघु पाषाण उपकरण, नवपाषाण उपकरण, ऐतिहासिक उपकरणों को रखा गया है। साथ ही भारतीय सिक्के 1835 से 1940 के सिक्कों को संग्रहित करके रखा गया है। संग्राहलय में चिम्टा, झटिया, चुना रखने के लिए गझुआ, खड़रू, धान रखने के लिए, नमक रखने के लिए बटला, और खटंनशी नगेड़ा, प्राचीन उपकरणों ब्लेड, स्क्रेपर, पाईट को संग्रहित किया गया हैं।

## अखंड हरि नाम संकीर्तन की मनाई गई 54 वीं वर्षगांठ, 72 घंटे का श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन आयोजन संपन्न



**छ.ग.फ्रंटलाइन**
**मनेन्द्रगढ़ ( एमसीबी )।** रेल्वे कालोनी मनेन्द्रगढ़ में अखंड हरिनाम संकीर्तन की 54 वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई । 22 अप्रैल 2023 से प्रारंभ 72 घंटे का श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन आज बुधवार की सुबह संपन्न हो गया। इस दौरान अखंड हरिनाम संकीर्तन में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। अखंड हरिनाम संकीर्तन समिति के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां पर काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। उल्लेखनीय है कि अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया से 72 घंटे का किया जाता है। अखंड हरिनाम संकीर्तन का यह 54 वीं वर्षगांठ थी। अखंड हरिनाम संकीर्तन में मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल, नगर निगम चिरमिरी की महापौर कंचन जायसवाल, नगर पालिका मनेंद्रगढ़ की अध्यक्ष प्रभा पटेल, नगरपालिका उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी सहित शहर के गणमान्य जन व आम जनमानस शामिल हुए। आयोजन को लेकर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थी। रेल्वे कालोनी मनेन्द्रगढ़ आयोजन समिति ने बताया कि इस अखंड हरिनाम संकीर्तन में श्री श्री राधा माधव संप्रदाय कोलकाता, श्री श्री हरि बोल संप्रदाय अंबिकापुर, श्री श्री गौरीया संप्रदाय तातापानी, श्री श्री वासुदेव संप्रदाय पन्ना सतना, श्री श्री निताई गौर संप्रदाय आरागाही द्वारा हरिनाम संकीर्तन किया गया।

## जशपुर में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा का संभाग स्तरीय टेक्निकल सपोर्ट एजेंटों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार, योजना, नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा ने आज जशपुर कलेक्ट्रेट स्थित मंत्रणा सभाकक्ष में आयोजित महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा के संभाग स्तरीय टेक्निकल सपोर्ट एजेंटों का एक दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हुए एवं रीपा अंतर्गत सभी बिंदुओं का व्यापक जानकारी दी। मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में संसाधनों की अपार भंडार है इसको हमें बेहतर प्रयोग करना है। उन्होंने जशपुर जिले के प्राकृतिक सौंदर्य की प्रशंसा करते हुए गोधन न्याय योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि शासन गोबर खरीदी सहित नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी विकास में बेहतर कार्य कर रही है। इसे गांव-गांव तक पहुंचाना है गांव के लोगों को आजीविका से जोड़ना है। छत्तीसगढ़ में लोहा, संगीत, मेडिसिन एवं महुआ बृहद खजाना है जिसका हमें उपयोग करना है जिसे हमारे पुरखों ने संजो कर रखा है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को अलग-अलग आजीविका गतिविधियों तथा उत्पादों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने पैसा देना चाहती है। रूरल इंडस्ट्रियल पॉलिसी इसलिए बनाई गई है कि गांव उत्पादन का केंद्र बने, शहरों की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें और सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्यों के अतिरिक्त गतिविधियों का चयन भी स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान रखकर किया जा सके। उन्होंने पांच गांव को रीपा से जोड़ने कहा। शर्मा ने जशपुर सी मार्ट का उदाहरण देते हुए कहा कि सी मार्ट के माध्यम से विभिन्न उत्पादों का विक्रय कर लाभ अर्जित किया जा रहा है। रीपा योजना का मूल उद्देश्य ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए आजीविका के माध्यम से अतिरिक्त आय के साधन बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है। रीपा के अन्तर्गत दाल मिल, आयल मिल, फिनाईल निर्माण, मछली पालन, बाड़ी विकास, मुर्गी पालन, सबुन निर्माण, मूर्ति शिल्प, गहना बनाना, बढ़ाई कार्य, कुम्हार के लिए कार्य, चना-मुर्रा, पैकेजिंग मशीन, मिनी राईस मिल, फेब्रिकेशन, वेल्डिंग वर्कशॉप एवं गमला निर्माण आदि युनिट लगाई जायेगी। जशपुर विधायक श्री विनय भगत ने राज्य शासन नरवा गरवा घुरवा बाड़ी की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि इसमें हर वर्ग का व्यक्ति जुड़कर लाभ अर्जित कर रहा है और जशपुर जिला विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है, उन्होंने कहा कि जशपुर प्राकृतिक सुंदरता से भरा हुआ है और सुंदर है इससे सजाने की आवश्यकता है। यहां पर चाय, आलू, स्ट्रॉबेरी, लीची, आम, स्ट्रॉबेरी खेती की अपार संभावनाएं हैं। जिस पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जिले में शासन की योजनाओं का क्रियान्यांन विभिन्न विभागों द्वारा किया जा रहा है। महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के माध्यम से गांव के लोगों को आजीविका से जोड़ा जा रहा है। महिला स्व सहायता समूह की महिला लाभान्वित हो रहे हैं।

## मुख्यमंत्री के सलाहकार ने जशपुर के फूड लैब का निरीक्षण किया



**छ.ग.फ्रंटलाइन**
**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार, योजना, नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा ने आज जशपुर के फूड लैब का निरीक्षण किया और स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद और पैकेजिंग की जानकारी ली। इस अवसर पर जशपुर विधायक विनय भगत, कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव, डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय, सूरज चौरसिया, झारखंड से आए फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी सिद्धार्थ, अतिथि गण एवं संभाग से आए संभाग स्तरीय टेक्निकल सपोर्ट, युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार प्रदीप शर्मा, विधायक विनय भगत, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों ने हर्बल उत्पाद के चाय की चुस्की लेकर आनंद लिया। मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सी मार्ट और फूड लैब की सुविधा दे रही है, ताकि सभी महिलाओं के हाथों में रोजगार हो। उन्होंने ने समान पैकिंग की जानकारी ली और फूड लैब में रागी का बिस्किट, अदरक इलाइची वाली चाय पत्ती, ग्रीन टी, काली चायपत्ती, गुलाब मसाला चायपत्ती, कैंसर मसाला चायपत्ती, रागी कुकीज़ और चावल,आचार दाल, काजू सहित अन्य सामग्री के पैकिंग कार्य का अवलोकन किया। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के विभिन्न गौठानों में तैयार उत्पादों को फूड लैब में इकठ्ठा किया जाता हैं। फिर अच्छे से पैकिंग की जाती है और सी मार्ट के माध्यम से विक्रय किया जाता है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा